NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-295, पृष्ठ : 12 | मंगलवार, 05 मई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# बंगाल में नई सरकार का शपथ ग्रहण 9 को

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार को आ चुके हैं। बंगाल के इतिहास में पहली बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य के मुताबिक नई सरकार का शपथग्रहण 9 मई को होगा।

इसी दिन रवींद्र नाथ टैगोर की 165वीं जयंती है। दरअसल बांग्ला कैलेंडर के मुताबिक यह तिथि 25 वैशाख को होती है। जो आमतौर पर मई के दूसरे हफ्ते में पड़ती है। शपथग्रहण में कौन-कौन आएगा, सीएम कौन होगा, अभी इनका खुलासा नहीं हुआ है।



पश्चिम बंगाल विधानसभा की 294 सीटों के लिए पहले चरण में 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान हुआ था, जबकि दूसरे चरण के तहत 29 अप्रैल को 142 सीटें पर वोट डाले गए थे। विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। दोनों चरणों में राज्य में जमकर वोटिंग हुई थी। चुनाव आयोग के अनुसार, पहले चरण में 93.19 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई थी, वहीं दूसरे चरण में भी 92.67 फीसदी वोटिंग हुई थी। इसी के साथ बंगाल में वोटिंग का कुल औसत 92.93 फीसदी से ज्यादा पहुंच गया, जो कि देश में किसी राज्य में मतदान का नया रिकॉर्ड है।

इधर, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने बताया कि इस्तीफा राज्य के गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के ऑफिस भेजा गया है। विधानसभा चुनाव में 59 सीटें जीतने के बाद स्टालिन ने कहा कि डीएमके एक मजबूत विपक्षी पार्टी के तौर पर काम करेगी। राहुल गांधी ने कहा- कांग्रेस और दूसरी पार्टियों के लोग, जो टीएमसी की हार पर खुश हो रहे हैं कि वे छोटी-मोटी राजनीति छोड़ दें। यह किसी एक पार्टी के बारे में नहीं बल्कि पूरे भारत के बारे में है।

## तमिलनाडु में जीत के बाद टीवीके मुख्यालय में बैठक

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद राजनीतिक सरगर्मियां काफी तेज हो गई हैं। अभिनेता से राजनेता बने सी. जोसेफ विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) के नवनिर्वाचित विधायकों ने राज्य की जनता को उनके भारी समर्थन के लिए धन्यवाद दिया है। चुनाव जीतने के बाद टीवीके के तमाम बड़े नेता और विधायक चेन्नई में इकट्ठा हुए हैं, जहां नई सरकार और आगे की रणनीतियों को लेकर पार्टी मुख्यालय में एक बहुत ही अहम बैठक चल रही है।



इस बड़ी जीत के बाद टीवीके के नेताओं ने साफ कर दिया है कि वे जनता से किए गए अपने हर वादे को पूरा करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। आगे की रणनीति और कामकाज तय करने के लिए चेन्नई के पनैयूर स्थित पार्टी मुख्यालय में सभी नव-निर्वाचित प्रतिनिधि जमा हुए हैं। इतने सारे नए विधायकों और बड़े नेताओं के एक साथ पहुंचने की वजह से मुख्यालय के बाहर सुरक्षा के बहुत कड़े इंतजाम किए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और भीड़ को रोकने के लिए मजबूत बैरिकेडिंग भी लगाई गई है।

## हमले में 3 भारतीयों के घायल होने पर भारत नाराज

### ऑयल पोर्ट पर ईरान ने कल हमला किया था



**नई दिल्ली।** यूएई के फुजैराह में ऑयल पोर्ट पर हुए हमले को लेकर भारत ने नाराजगी जताई है। सरकार ने कहा कि तीन भारतीयों का घायल होना गलत है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

भारत ने सभी पक्षों से तुरंत हिंसा बंद करने और आम लोगों को निशाना न बनाने को कहा है। भारत ने कहा कि हालात को संभालने का सही रास्ता बातचीत और कूटनीति है, ताकि पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता बनी रहे। भारत ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही बिना रुकावट जारी रहनी चाहिए।

इससे पहले यूएई ने दावा किया था कि हमला ईरान की तरफ से हुआ था। उन्होंने 12 बैलिस्टिक मिसाइल, 3 क्रूज मिसाइल और 4 ड्रोन को रोकने में कामयाबी पाई। हालांकि ईरान ने वअए के इस आरोप पर कोई जवाब नहीं दिया है। पीएम मोदी ने भी इस घटना को लेकर पोस्ट किया और कहा कि आम लोगों और जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाना स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## बिहार में सात मई को होगा मंत्रिमंडल विस्तार

**पटना।** बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नई सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार सात मई को होगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जो लिस्ट लेकर दिल्ली गए थे, उस पर आलाकमान ने मुहर लगा दी है। इसके बाद स्पष्ट हो गया कि गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसके लिए तैयारियां चल रही है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरागवी ने बताया कि सात मई को गांधी मैदान में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में नई सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार होगा। इस शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी शामिल होंगे। सम्राट चौधरी फिलहाल 30 मंत्रियों को शपथ दिलाने की तैयारी में हैं। इनमें भाजपा से 12, जदयू से 11, लोजपा (रामविलास) से और रालोमो व हम से एक-एक मंत्री बनेंगे। गृह विभाग और विधानसभा अध्यक्ष का पद भाजपा अपने पास ही रखेगी। जदयू, रालोमो और हम कोई खास प्रयोग नहीं करेगी।



# पश्चिम बंगाल में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत

## शुभेंदु दोनों सीटों पर जीते, ममता को फिर हराया, मोदी बोले-गंगोत्री से गंगासागर तक कमल




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। 206 सीटें जीतकर बीजेपी पहली बार पश्चिम बंगाल में सत्ता में आई है। वहीं, लगातार तीन बार से सत्ता में आ रही टीएमसी को इस बार सिर्फ 81 सीटों पर समेट दिया है। खास बात यह है कि सीएम ममता बनर्जी को भी भवानीपुर सीट से हार का सामना करना पड़ा है। शुभेंदु अधिकारी ने उन्हें 15105 वोट से हराया है। शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम में भी 9665 वोट से जीत हासिल की है। उनके अलावा मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद की नींव रखने वाले हुमायूं कबीर ने भी दो सीटों से जीत हासिल की है। इन दोनों नेताओं को एक-एक सीट छोड़नी होगी, जहां उपचुनाव होगा।

फलता सीट पर गड़बड़ी की शिकायतों के बाद मतदान रद्द कर दिया गया और सोमवार को 293 सीटों के नतीजे जारी हुए, जिनमें बहुमत 147 सीट था। बीजेपी ने 206 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया। वहीं, टीएमसी महज 81 सीटों पर सिमट गई। कांग्रेस और हुमायूं कबीर की एजेयूपी को दो-दो सीटें मिली हैं। सीपीआईएम और एआईएसएफ को एक-एक सीटें मिली हैं।

पश्चिम बंगाल में दो चरण में मतदान हुआ था। 23 अप्रैल को पहले चरण में 93 फीसदी वोटिंग हुई। यहीं से बदलाव के संकेत मिल गए थे। हालांकि, टीएमसी ने दावा किया कि एसआईआर के बाद लोगों ने वोट कटने के डर से मतदान किया है। वहीं, अमित शाह ने पहले चरण में शामिल 152 में से 110 से ज्यादा सीटों पर जीत का दावा किया। दूसरे चरण में भी 90 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ तो बीजेपी के नेता जीत को लेकर आश्वस्त नजर आए। पीएम मोदी ने एक चुनावी सभा के दौरान कहा कि अब वह पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री की शपथ में शामिल होने आएंगे। नतीजों के बाद उनकी बातें सही साबित हुईं।

सोमवार को सुबह आठ बजे वोटों की गिनती शुरू हुई। शुरूआती रुझानों में बीजेपी और टीएमसी के बीच कांटे की टक्कर नजर आ रही थी। अगले दो घंटे तक यही सिलसिला चला, लेकिन बीजेपी के सीटें बढ़ने लगीं और पार्टी बहुमत के करीब पहुंच गई। इसके बाद लगातार बीजेपी की सीटें बढ़ती गईं और टीएमसी के उम्मीदवार चुनाव हारते गए। दिन खत्म होते-होते खुद ममता बनर्जी भी चुनाव हार गईं और टीएमसी की करारी हार हुई।

## असम में फिर हिमंता सरकार, अमित शाह बोले- हैट ट्रिक जनादेश के लिए धन्यवाद



**दिसपुर।** असम में बीजेपी ने जीत की हैट्रिक लगा ली है। प्रचंड बहुमत के साथ हिमंता सरकार की वापसी हुई है। 126 विधानसभा सीटों में से ठऊ्अ ने 100 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज की। वहीं, कांग्रेस गठबंधन को 21 सीटें ही मिलीं। 9 अप्रैल को राज्य की सभी 126 सीटों पर हुई वोटिंग में 85% से ज्यादा मतदान हुआ था। इस चुनाव में कुल 722 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनकी हार-जीत का फैसला आज हो गया।

असम की सत्ता की कुर्सी तक पहुंचने के लिए किसी भी दल या गठबंधन के पास 64 सीटें होना जरूरी है। इस बार मुकाबला मुख्य रूप से दो बड़े गुटों के बीच था। एक तरफ मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में बीजेपी का गठबंधन, जो इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश में था। भाजपा के साथ असम गण परिषद और यूपीपीएल जैसे क्षेत्रीय दल मजबूती से खड़े थे। दूसरी तरफ, कांग्रेस के नेतृत्व वाला 'असम सम्मिलित मोर्चा' है, जिसमें 6 दल शामिल हैं।

## पुडुचेरी में फिर लहराया राजग का परचम, रंगासामी पांचवीं बार सीएम पद के दावेदार



**पुडुचेरी।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने एक बार फिर सत्ता में वापसी की है। मुख्यमंत्री एन. रंगासामी के नेतृत्व वाले राजग ने 30 सदस्यीय विधानसभा में 18 सीटें जीत/बढ़त कर पूर्ण बहुमत हासिल किया। राजग में ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी), अन्नाद्रमुक, भाजपा और लछिया जननायगा कड़गम (एलजेके) शामिल हैं। एआईएनआरसी को 12, भाजपा को चार, अन्नाद्रमुक को एक और एलजेके को एक सीट पर जीत मिली है। वहीं कांग्रेस गठबंधन को छह सीटें ही मिली हैं। 9 अप्रैल को हुए चुनाव में 89.87% मतदाताओं ने वोट डाले थे। यह पुडुचेरी विधानसभा चुनाव के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक मतदान है। राज्य में राजग और कांग्रेस-द्रमुक गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला था। अभिनेता से राजनेता बने विजय की टीवीके ने चुनावी जंग को त्रिकोणीय बनाया। टीवीके ने दो सीटों पर जीत हासिल की है।

## केरल में कांग्रेस की एकजुटता का दिखा रंग



**कोच्चि।** कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने केरलम में एक दशक बाद सत्ता में जबरदस्त वापसी की है। यूडीएफ में कांग्रेस, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल), केरल कांग्रेस (केईसी) और रिवोल्यूशनरी मार्क्सवादी पार्टी ऑफ इंडिया (आरएमपीआई) शामिल हैं। यूडीएफ की जीत की मुख्य वजहें कांग्रेस में आंतरिक एकजुटता कायम रखना, सत्ता विरोधी लहर और सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। यूडीएफ ने इस चुनाव में 60 फीसदी मतों के साथ 102 सीटें जीतीं।

सत्ता विरोधी लहर : यूडीएफ की जीत के पीछे काफी हद तक 2016 से लगातार सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के प्रति जनता का गुस्सा है। शासन-प्रशासन, आर्थिक दबाव और राजनीतिक अहंकार के आरोपों को लेकर बढ़ती चिंताओं ने इस आम धारणा को और मजबूत किया कि एलडीएफ लंबे समय तक सत्ता में रहने के बोझ तले दब गया है। राज्य की राजनीति में सत्ता विरोधी लहर निर्णायक भूमिका निभाती रही है। मतदाताओं ने अक्सर बदलाव को प्राथमिकता दी है। इसके चलते सरकारें एक या दो कार्यकाल से अधिक सत्ता में बने रहने के लिए संघर्ष करती रही हैं। यह पैटर्न आंकड़ों में साफ दिखता है। 2001 में यूडीएफ 100 सीटें जीतकर सत्ता में आई, जबकि एलडीएफ को 41 सीटें मली थीं। पांच साल बाद 2006 में एलडीएफ ने 102 सीटें जीतकर सत्ता में जोरदार वापसी की। हालांकि 2011 में, उसकी सीटें फिर तेजी से गिरकर 70 रह गईं। ये उतार-चढ़ाव केरल के सत्ता-विरोधी चक्र को दर्शाते हैं।

# तमिलनाडु में महा'विजय': किंग बनकर उभरे थलापति



**चेन्नई।** तमिलनाडु के नतीजों से साफ है कि राज्य का मिजाज दो बातों से तय हुआ। एक आधी सदी से चली आ रही परंपरागत राजनीतिक विरासत के बाद एक नए चेहरे की चाहत और दूसरा, सत्ताधारी व्यवस्था के प्रति तिरस्कार का भाव, जिसे आलोचकों की नजर में अब संकीर्ण, वंशवादी और कभी-कभी राजनीतिक रूप से आत्मसंतुष्ट माना जाने लगा है।

राज्य में संभवतः छह दशकों में पहली बार कोई नई राजनीतिक शक्ति उभरी है। यह न तो कोई गुट है, न ही कोई अलग हुआ हिस्सा और न ही जानी-पहचानी द्रविड़ व्यवस्था का नया रूप। बल्कि यह ऐसा कुछ है, जो उस व्यवस्था को पूरी तरह से बदल देने के करीब है। पिछली बार यह बदलाव एमजी रामचंद्रन के द्रमुक से अलग होने पर हुआ था। उस समय उन्होंने लोगों की फिल्मी दीवानगी को अपनी राजनीतिक ताकत में बदल दिया था। वह क्षण भी असल में पुरानी योजना की ही देन था। सीएन अन्नादुरई और द्रमुक ने थिएटर और सिनेमा को जन-राजनीतिक संचार के माध्यमों में बदलने में दशकों बिता दिए थे और एक ऐसा तंत्र तैयार कर दिया था, जहां परदे से राजनीति की बातें पूरी रवानगी के साथ होती थीं। विजय भी अब उस व्यवस्था में दाखिल हो चुके हैं, पर इस व्यवस्था के अंदर विकसित हुए बिना। यही बात इस क्षण को सबसे अलग बनाती है। केरलम में सत्ता विरोधी लहर के विपरीत तमिलनाडु का मिजाज अलग परिचय दे रहा है। यह कोई पारंपरिक सरकार विरोधी लहर नहीं है। यह कुछ ऐसा है, जो दूरगामी असर वाला है, यह भावनात्मक निष्ठाओं का पुनर्विन्यास है। टीवीके ने इस भावना को भुनाया है। टीवीके के उभार का दायरा व्यापक है। इसमें चेन्नई जैसे शहरी केंद्र भी शामिल हैं। टीवीके के उभार ने चुनावी मुकाबले की शर्तों को पहले ही बदल दिया है।

तमिलनाडु की राजनीति में फिल्मी सितारे हमेशा से रहे हैं, लेकिन उन्होंने एक खास पैटर्न का पालन किया। अन्नादुरई और करुणानिधि ने सिनेमा का इस्तेमाल अपनी विचारधारा को गढ़ने के लिए किया। एमजीआर ने उसी वैचारिक आधार का इस्तेमाल कर पार्टी बनाई। जयललिता को वह ढांचा विरासत में मिला और उन्होंने उसे और मजबूत किया। बाद में आए लोग भी उसी व्याकरण के दायरे में रहकर या उसके खिलाफ काम करते रहे। विजय का उदय किसी वैचारिक प्रशिक्षण या लंबी राजनीतिक दीक्षा पर आधारित नहीं है। यह उनके दर्शकों के साथ सीधे, लगभग बिना किसी मध्यस्थ के बने रिश्ते पर आधारित है। यह काडर की राजनीति नहीं है। यह चरित्र की राजनीति है। विजय के समर्थक हमेशा नीति या विचारधारा की भाषा नहीं बोलते। वह जानी-पहचानी भाषा बोलते हैं, फिल्मों की, संवादों की और उस इंसान की जिसे वे दशकों से देखते आ रहे हैं। इस लिहाज से, यह शायद सिनेमा का राजनीति में वह सबसे शुद्ध रूपांतरण है, जो तमिलनाडु ने अब तक देखा है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
मंगलवार, 05 मई, 2026


# वृंदावन में दो नाबालिग बहनों से सामूहिक दुष्कर्म

## ऑटो चालक जाल में फंसाकर ले गया होटल, यहां बुला लिए साथी

एनएनआई

**वृंदावन।** घर से निकली दो सगी बहनें ऑटो चालक के शिकंजे में फंस गईं। आरोपित चालक ने दोनों किशोरियों को धौलीप्याऊ स्थित एक होटल में रुकवाया और अपने तीन दोस्तों को बुलाकर उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

इसके बाद ट्रेन में बैठाकर दोनों किशोरियों को दिल्ली के लिए रवाना कर दिया। वापस लौटी बेटियों ने पूरी घटना स्वजन को बताई। पुलिस ने सोमवार सुबह छह बजे कैलाश नगर की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते से चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। वृंदावन के वंशीवाला क्षेत्र में एक मजदूर अपने परिवार के साथ रहता है। एक मई को उसकी दो नाबालिग बेटियां घर से लापता हो गईं। काफी तलाश के बाद बेटियां नहीं मिलने पर मजदूर ने वृंदावन थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। तीन मई को किशोरियां अचानक घर पहुंची।

उन्होंने पिता को बताया कि वे घर से निकलकर गौरी गोपाल आश्रम तक पहुंची थी। वहां ऑटो चालक समीर ने उनको ऑटो में बिठाया और



धौलीप्याऊ के एक होटल में ले गया। होटल में उसका दोस्त शिवा काम करता था।

दोनों ने वहां पर अपने दोस्त रुपेश और कृष्णा उर्फ काले को बुला लिया। इसके बाद चारों युवकों ने उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। फिर उन्हें डराने के लिए परिवार को जान से मारने की धमकी देकर रेलवे स्टेशन पर दिल्ली की ट्रेन में बिठा दिया।

दिल्ली पहुंचकर लड़कियों को कुछ दिखाई न दिया तो रविवार को दोनों बहनें वापस पहुंच गईं। बेटियों की बात सुनकर मजदूर पिता के होश उड़ गए। पिता ने सीओ सदर पीतम पाल सिंह को पूरी घटना बताई। सीओ ने थाने में मुकदमा दर्ज कराकर आरोपितों की तलाश में टीमें लगा दी। पुलिस ने सोमवार सुबह छह बजे दुष्कर्म के चारों आरोपितों डैंपियर नगर निवासी ऑटो चालक समीर, मयूर विहार धौलीप्याऊ निवासी होटल में कार्यरत शिवा, कृष्णा उर्फ काले, मारुति नगर निवासी रुपेश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चारों आरोपितों को जेल भेज दिया है।

# फिरोजाबाद के युवक की दुबई में मौत, झील में डूबा

**फिरोजाबाद** एनएनआई। एक समाजसेवी के बेटे की दुबई में झील में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद फिरोजाबाद स्थित उनके घर में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान 31 वर्षीय अनुज पालीवाल के रूप में हुई है, जो फिरोजाबाद के थाना उत्तर क्षेत्र स्थित तिलक नगर निवासी समाजसेवी गिरीश कुमार पालीवाल के बेटे थे। अनुज अपने बड़े भाई अक्षत के साथ दुबई में एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। अनुज अपने तीन दोस्तों के साथ झील में नहाने गए थे। नहाते समय उन्हें चक्कर आया और वे गहरे पानी में चले गए। उनके दोस्तों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया और किसी तरह बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलने पर अनुज के भाई अक्षत और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचे। परिवार के करीबी कमल पालीवाल ने बताया कि अनुज और अक्षत 10 फरवरी को अपने घर फिरोजाबाद आए थे और 24 फरवरी को दुबई वापस लौटे थे। अक्षत पिछले पांच साल से दुबई में नौकरी कर रहे थे, जबकि अनुज नौ महीने पहले ही वहां गए थे।

# रेलवे ट्रैक पर मिला एलएलबी छात्र का शव, हत्या की आशंका

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** एलएलबी के एक छात्र का क्षत-विक्षत शव रेलवे ट्रैक के पास मिला है। छात्र के परिजनों ने रंजिश के चलते हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक छात्र की पहचान लाइनपार थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर निवासी 21 वर्षीय पुष्पेंद्र यादव के रूप में हुई है। पुष्पेंद्र शिकोहाबाद स्थित जेएस विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई कर रहे थे और दीवानी न्यायालय भी जाते थे। वह रात करीब आठ बजे घर से निकले थे।

रात लगभग 11:30 बजे उनका शव वाजिदपुर की ठार के निकट रेलवे पटरी किनारे पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर थाना दक्षिण पुलिस मौके पर पहुंची। पहचान न होने के कारण पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया था। रात एक बजे तक पुष्पेंद्र के घर न पहुंचने पर उनके बड़े भाई गजेंद्र यादव ने मोबाइल पर फोन किया। फोन सुहाग नगर पुलिस चौकी पर तैनात एक सिपाही ने उठाया, जिसने घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और रंजिश में हत्या की आशंका जताई।



पुष्पेंद्र दो भाइयों में छोटे थे। उनके चाचा उमेश चंद्र यादव ने बताया कि पुष्पेंद्र प्रतिदिन शाम को दीवानी से घर पहुंचते थे और रात में खाना खाने के बाद नई आबादी स्थित दूसरे घर पर जाते थे। उन्होंने गांव के कुछ लोगों से रंजिश होने की बात कही और आशंका जताई कि उन्हीं लोगों ने हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक किनारे फेंका है, ताकि इसे हादसे का रूप दिया जा सके। इंस्पेक्टर योगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में छात्र द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों से मिली तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कार में दम घुटने से 3 साल की मासूम की मौत

एनएनआई

**सोरोंजी।** गांव बघेला पुख्ता में रविवार दोपहर खेल-खेल में कार के अंदर बंद हुई मासूम की दम घुटने से मौत हो गई। वह घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ कार में बैठकर खेल रही थी। बाकी बच्चे कार से उतर गए, लेकिन वह अंदर ही रह गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोकहैई। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

गांव बघेला पुख्ता निवासी भानु प्रताप की पुत्री गौरी (3 वर्ष) रविवार को घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इस दौरान घर के बाहर खड़ी कार की चाबी बच्चों के हाथ लग गई। रिमोट का बटन दबाकर बच्चों ने गाड़ी का दरवाजा खोल लिया और फिर उसमें बैठकर खेलने लगे। खेलने के बाद अन्य बच्चे तो कार से बाहर उतर आए, लेकिन मासूम गौरी किसी कारण वश कार के अंदर ही बंद रह गई।

काफी देर तक जब बेटी घर में दिखाई नहीं दी तो परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच बच्चों ने



उसके कार में खेलने की बात बताई। परिजन ने तुरंत कार तक पहुंचे तो गौरी गाड़ी के अंदर बेहोश अवस्था में मिली। परिजन तुरंत ही उसे चिकित्सक के पास ले गए, लेकिन तब तक उसकी दम घुटने से मौत हो चुकी थी। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।


मृतका के बाबा सोमवीर ने बताया कि कार की चाबी घर में ड्रेसिंग टेबल पर रखी हुई थी। परिवार के कुछ सदस्य सोरोंजी गए हुए थे, जबकि घर पर महिलाएं और बच्चे मौजूद थे। खेल के दौरान बच्चों ने चाबी उठाकर कार खोल ली। मासूम की मौत से पूरे परिवार में मातम छा गया। मासूम की असमय मौत से सभी सदमे में हैं। परिजन ने बच्ची का पोस्टमार्टम कराए बिना अंतिम संस्कार कर दिया।



# एक नंबर पर दो गाड़ियां

## आगरा की कार का फिरोजाबाद में स्कूटर पर कट गया चालान

एनएनआई




**आगरा।** कार आगरा में है लेकिन उसके नंबर पर स्कूटर फिरोजाबाद की सड़कों पर दौड़ रहा है। ऐसे में स्कूटर का चालान फिरोजाबाद में हुआ तो चालान भुगतान के लिए मैसेज आगरा में कार स्वामी के पास आ गया। कार स्वामी सोमवार को संभागीय परिवहन विभाग पहुंचे और उन्होंने शिकायत दर्ज कराई। हालांकि अधिकारी शिकायत लेने के अलावा कुछ नहीं कर सके।

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लागू होने के बाद भी इस फर्जीवाड़े ने कार स्वामी मुन्नालाल गौतम को हैरान कर दिया है। वह ट्रांसयमुना थानाक्षेत्र के सिद्धार्थ नगर नरायच में रहते हैं। उन्होंने फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वाहन दौड़ने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनकी कार का नंबर यूपी-83 एवी-0273 है। इसी नंबर पर एक स्कूटर फिरोजाबाद में चल रहा है। उनके मोबाइल नंबर पर कुछ दिन पहले छह हजार रुपये का चालान आया। चालान में फोटो स्कूटर की है लेकिन नंबर उनकी कार का लगा हुआ है। यह जानकारी आरआई संजीत कुमार को दी तो उन्होंने शिकायती पत्र ले लिया। यह पहला फर्जी नंबर प्लेट का मामला नहीं है। इससे पहले भी एक नंबर पर कई वाहनों का संचालन होना सामने आ चुका है।

एक लाख से अधिक वाहन पुरानी नंबर प्लेट के हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) को लागू करने के पीछे का मकसद नंबर प्लेटों के फर्जीवाड़े को रोकना था। आरटीओ के रिकॉर्ड के मुताबिक, अब भी जिले में एक लाख से अधिक वाहन बिना एचएसआरपी के पुरानी नंबर प्लेट पर चल रहे हैं। इनके खिलाफ आरटीओ के स्तर से कम कार्रवाई देखने को मिलती है। सीसीटीवी कैमरों से बचने के लिए नंबर प्लेट के अक्षरों से छेड़छाड़ भी वाहन स्वामी कर देते हैं।

आरआई संजीत कुमार ने बताया कि कार के नंबर पर स्कूटर का चालान होने की शिकायत मिली है। इस संबंध में फिरोजाबाद पुलिस और विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। फर्जी नंबर प्लेट लगाने वाले वाहन को पकड़ने का प्रयास किया जाएगा।

## 'कह दो उनसे, ज्यादा नेतागिरी न करें, नहीं तो बलिया भिजवा दूंगा'



एनएनआई



**एत्मादपुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड की सुविधाएं न होने का मामला संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी के समक्ष उठने पर मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डा. अरुण कुमार श्रीवास्तव बिना देर किए विभागीय सुविधाओं की स्थिति परखने के लिए सीएचसी पर जा धमके। इस दौरान उन्होंने यहां अस्पताल परिसर और विभिन्न वार्डों की साफ-सफाई के साथ मरीजों के लिए पेयजल आदि की जरूरी सुविधाओं तक का उचित ख्याल रखने के कड़े निर्देश प्रभारी अधीक्षक डा.अमित अग्रवाल को दिए। विभागीय कर्मचारियों के आपसी दंगल की राजनीति की बात सामने आने पर उनका मूड खराब हो गया। इस संदर्भ में उन्होंने अधीक्षक से बड़े सख्त लहजे में कहा कि कह दो, उनसे ज्यादा नेतागिरी न करें, नहीं तो ट्रांसफर जिले से बाहर बलिया भिजवा दूंगा। उनके तल्ख तेवरों से कुछ समय सन्नाटा छा गया। सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक्स-रे मशीन लगाने के लिए आवश्यकता के मुताबिक स्थान नहीं होने की बात कही। बोल, जगह के अभाव में यहां के लिए पूर्व में आवंटित अल्ट्रासाउंड मशीन भी दूसरे केंद्र पर भेजनी पड़ी। उनका प्रयास है कि यहां भी जल्द से जल्द एक कमरे का निर्माण हो जाए तो मरीजों को यह सुविधाएं भी मिलने लगें। स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर की रेटिंग में सीएचसी अस्सी वें स्थान पर है। यहां की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी के निरीक्षण के दौरान डा. अनुज गांधी, डा.सुचि अग्रवाल, मलेरिया इंचार्ज अभितांशु नारायण शर्मा, फार्मासिस्ट राकेश बघेल आदि के अलावा अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे।

## सुबह-सुबह बदला मौसम, तेज हवाओं के साथ हुई बारिश, दिन में धूप

एनएनआई

**आगरा।** सुबह-सुबह अचानक मौसम बदल गया। सुबह करीब 11:30 बजे तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। ताजमहल परिसर में बारिश से बचने के लिए पर्यटक इधर-उधर छिपते नजर आए। कुछ ही देर में पूरा परिसर लगभग खाली हो गया। शहर के अलग-अलग इलाकों में मौसम का असर अलग-अलग देखने को मिला। ट्रांसयमुना क्षेत्र में तेज बारिश हुई, जबकि कई जगहों पर हल्की बूंदाबांदी जारी है। संजय प्लेस समेत कई इलाकों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है, जिससे सड़कों पर पानी जमा हो गया और मौसम सुहावना बन गया है। मौसम में बदलाव का असर तापमान पर भी पड़ा है। अधिकतम तापमान में करीब 7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। रविवार को जहां अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस था, वहीं सोमवार को यह गिरकर 32.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी 24.6 डिग्री सेल्सियस से घटकर 20 डिग्री सेल्सियस हो गया, जो सामान्य से 4.2 डिग्री सेल्सियस कम है।

## मोनू यादव के जेल जाते ही सोशल मीडिया पर हटने लगी पोस्ट

एनएनआई

**आगरा।** ट्रांसयमुना थाना क्षेत्र में रविवार रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर मोनू यादव को सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। उधर, उसके जेल जाते ही समर्थकों ने सोशल मीडिया खातों से मोनू यादव के साथ के अपने वीडियो और फोटो की पोस्ट डिलीट कर दी है। वहीं व्हाट्सएप ग्रुप पर पूरे दिन मुठभेड़ की चर्चा होती रही।

राज चौहान हत्याकांड में नाम आने के बाद से हिस्ट्रीशीटर मोनू यादव खुद को बचाने का प्रयास कर रहा था। ढाबा संचालक से रंगदारी मांगने के मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उस पर 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया गया था। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने राज चौहान हत्याकांड में संलिप्तता की जांच के लिए एसआईटी भी गठित कर दी है। खुद को बचाने के लिए मोनू यूपी से बाहर चला गया था। उधर, नितिन यादव नाम के इंस्टाग्राम आईडी से तीन दिन पहले मोनू यादव के कार में बैठकर घूमने का वीडियो पोस्ट किया गया था। वीडियो में कार चला रहा युवक खुद को मोनू का रिश्तेदार बता रहा था। मोनू यादव भी अपने समर्थकों से नितिन का सपोर्ट करने की बात कह रहा था।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

## डीएम के सख्त तेवर का असर: चेतावनी से दौड़ा 'करंट'

- चकमार्ग, चारागाह की जमीन के अवैध कब्जाधारियों पर मुकदमा
- डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत पर दिए थे जांच के निर्देश
- क्षेत्रीय लेखपाल ने चार दबंगों पर पंजीकृत कराई प्राथमिक रिपोर्ट

एनएनआई


चक्कर-पे-चक्कर काट रहे पीड़ित, समस्या सुन डीएम का चढ़ा पारा

**एत्मादपुर।** चक्कर-पे-चक्कर काट रहे पीड़ितों की शिकायतों के निस्तारण में शासन की मंशा के उलट मनमानी एवं फर्जीवाड़ा करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के खिलाफ जिलाधिकारी मनीष बंसल की कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी से हड़कंप का माहौल है। डीएम साहब के चाबुक से बचने के लिए बेपरवाह कर्मचारियों में करंट दौड़ गया है।

ग्राम पंचायत बरहन के गांव गढ़ी भंडार में सरकारी चकमार्ग और चारागाह की भूमि पर दबंगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। बीते संपूर्ण समाधान दिवस में पहली बार आए नवागत जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बार-बार शिकायत करने पर भी गुणवत्ता पूर्ण समाधान नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताई। बरहन ग्राम पंचायत के गांव गढ़ी भंडार निवासी किसान बनबारी लाल के सरकारी चकरोड एवं चारागाह की भूमि को शिकायत के बावजूद अवैध कब्जा मुक्त नहीं कराने पर तहसील प्रशासन को कमेटी गठित कर जांच कराने और आरोप सही पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उनकी चेतावनी से सरकारी वेतनभोगियों में हड़कंप मचा गया। विभागीय कार्यों के बजाए गांवों में जमीनों की खरीद-फरोख्त करा मोटी कमाई करने में लिप्त रहने वालों के इस समय होश उड़े हुए हैं। गढ़ी भंडार के मामले में डीएम की चेतावनी देने पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले चार दबंग ग्रामीणों के खिलाफ एफआईआर पंजीकृत होना इसी का असर है। क्षेत्रीय लेखपाल जोन मेजर सिंह की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा गया है कि गांव गढ़ी भंडार स्थित गाटा संख्या 2335 और 2337 की भूमि राजस्व विभाग के अभिलेखों में क्रमशः चकमार्ग एवं चारागाह के नाम से दर्ज है। बीते वर्ष फरवरी में राजस्व टीम द्वारा भूमि से अवैध कब्जा हटवाकर दखल और कब्जा ग्राम प्रधान को दे दिया था। लेखपाल ने कहा है कि पूर्व में बेदखल किए गए नामजद आरोपी राजेन्द्र पुत्र लोकमन, तेजपाल पुत्र मटरू लाल, अमरसिंह पुत्र भवानी लाल, सूरज पाल पुत्र सोरन सिंह आदि हैं। इन्होंने बेदखली के बाद पुनः अवैध कब्जा कर राजस्व नियमों का उल्लंघन करते हुए ग्राम सभा की सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया गया है। उक्त प्रकरण में पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर राजेंद्र, तेजपाल, अमर सिंह, सूरज पाल चारों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मामले की तफ्तीश उपनिरीक्षक सुधांशु मिश्रा को सौपी गई है।

# शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : जिलाधिकारी

**डीएम मनीष बंसल की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की समीक्षा बैठक**



- आईजीआरएस बैठक में बिना सूचना दिए अनुपस्थित मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका महिला चिकित्सालय

एनएनआई

**आगरा।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों में दर्ज शिकायतों के निस्तारण, फीडबैक की गुणवत्ता और शिकायतों की संख्या की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान अधिशासीय अभियंता उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) के कुल प्राप्त 05 फीड बैक में सभी 05 असंतुष्ट फीड बैक, परियोजना प्रबंधक सी एंड डी.एस. कुल प्राप्त 05 फीड बैक में सभी 05 असंतुष्ट फीड बैक, टोरंट पावर लि0 के कुल प्राप्त 04 फीड बैक में सभी 04 असंतुष्ट फीड बैक, अधिशासीय अभियंता उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद के कुल प्राप्त 03 फीड बैक में सभी 03 असंतुष्ट फीड बैक तथा क्षेत्रीय प्रबंधक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कुल प्राप्त 03 फीड बैक में सभी 03 असंतुष्ट फीड बैक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कुल प्राप्त 04 फीड बैक में 03 में असंतुष्ट फीड बैक प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा सम्बन्धित से जवाब तलब किया।

जिलाधिकारी महोदय ने निर्देशित किया कि यदि प्रकरण सम्बन्धित विभाग का नहीं है तो समय से पोर्टल पर कार्यवाही कर तदसम्बन्धी अपनी आख्या लगा दें, समय सीमा के बाद डिफाल्ट होने पर सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा।

बैठक में विद्युत विभाग की समीक्षा में पाया गया कि आईजीआरएस पोर्टल 60 प्रतिशत से कम संतुष्टि है, जिलाधिकारी ने संतुष्टि का स्तर बढ़ाकर 80 प्रतिशत किये जाने के निर्देश दिए।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त फीड बैक की समीक्षा की गई, जिसमें अधिशासी अभियंता (यांत्रिकी) सिंचाई यांत्रिक के कुल प्राप्त 05 फीड बैक में 02 संतुष्ट तथा 03 असंतुष्ट फीड बैक प्राप्त होने पर सम्बन्धित से जवाब तलब किया गया, जिलाधिकारी महोदय ने 03 असंतुष्ट फीड बैक की विस्तार से जानकारी ली, जिसमें बताया गया कि प्रकरण खराब नलकूप को ठीक न करने से सम्बन्धित है, जिलाधिकारी महोदय ने नलकूप ठीक न होने का कारण पूछे जाने पर सम्बन्धित सहायक अभियंता जवाब नहीं दे सके, जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा सम्बन्धित का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।

## सोलर सिटी बनने की ओर तेज कदम, हर दिन 80 घरों में लग रहे रूफटॉप

**आगरा।** जिलाधिकारी  मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में सोलर रूफटॉप स्थापना में आ रही विभिन्न समस्याओं के बारे में विस्तृत समीक्षा की गई, परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अप्रैल माह में जनपद में कुल 2192 सोलर पावर प्लांट की स्थापना का कार्य किया गया है, जो प्रदेश में कुल सोलर रूफटॉप स्थापना के मामले में जनपद पांचवें स्थान पर है।  बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अन्तर्गत जनपद में कुल स्थापना 18384 के सापेक्ष डिस्कॉम द्वारा सिर्फ 15840 सोलर प्लांट का निरीक्षण सम्पादित किया गया है। करीब 2500 की पेंडेंसी बनी हुई है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित से कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई और टोरेंट तथा डीवीवीएनएल को निर्देशित किया गया कि निरीक्षण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करते हुए सोलर वेंडरों के लिए एक अलग समर्पित विंडो खोलने के आदेश दिए, जिससे की उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र हो सके। बैठक में प्रबंधक, जिला अग्रणी बैंक आगरा को निर्देशित किया गया कि पीएम सूर्य घर योजना में बैंकों द्वारा प्रदत्त ऋण सुविधा हेतु प्राप्त आवेदनों के निस्तारण में हो रहे विलम्ब पर जवाब तलब किया एवं निर्देशित किया कि पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन का सात दिन में भुगतान सुनिश्चित किया जाए।  समीक्षा  बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह, प्रभारी परियोजना अधिकारी नेडा  खगेन्द्र सिंह,राजीव जैसवाल,अंशुल गुप्ता,आशीष गोयल, प्रशांत सुंदरानी,मयंक गोयल,प्रशांत जैन, डॉ दीपक, रवनीश यादव इत्यादि के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## जनता के अटूट विश्वास और विकासवादी राजनीति की विजयः नवीन जैन

**आगरा** (एनएनआई)। पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने इसे जनता के अटूट विश्वास और विकासवादी राजनीति की विजय बताया है। सांसद श्री जैन ने कहा कि इन राज्यों की जनता ने जातिवाद, तुष्टिकरण



और भ्रष्टाचार की राजनीति को नकारते हुए सुशासन, विकास और पारदर्शिता के पक्ष में स्पष्ट जनादेश दिया है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में मिली सफलता यह दशार्ती है कि वहां की जनता लंबे समय से बदलाव चाहती थी और अब वह बदलाव साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि असम और पुडुचेरी में भी भारतीय जनता पार्टी को मिला जनसमर्थन यह साबित करता है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार की नीतियों और योजनाओं पर देशभर की जनता का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। सांसद श्री नवीन जैन ने इस जीत का श्रेय पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं, नेतृत्व की दूरदर्शिता और जनता के आशीर्वाद को दिया।  उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ देश के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।  अंत में उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को इस ऐतिहासिक विजय पर हार्दिक बधाई देते हुए विश्वास जताया कि आने वाले समय में इन राज्यों में विकास, सुशासन और जनकल्याण की नई ऊंचाइयां स्थापित की जाएंगी।

# जाति-वर्ग से ऊपर उठकर, छह निर्धन बेटियों के बसे घर

- भारत विकास परिषद 'सुरभि' ने सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह किया आयोजित

एनएनआई



**आगरा।** बेटियाँ देवी माँ का रूप होती हैं और कन्यादान से बढ़कर कोई दान नहीं.. इस मनोभाव के साथ भारत विकास परिषद 'सुरभि' द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन लोहामंडी में सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। जाति-वर्ग से ऊपर उठकर, छह निर्धन बेटियों के घर बसाने की नेक पहल को सबकी सराहना मिली।  समारोह के अंतर्गत पहले जयपुर हाउस स्थित जैन स्मृति भवन से घुड़चढ़ी की रस्म के बाद बैंड बाजों के साथ नाचते गाते हुए सामूहिक बारात निकाली गई। फिर महाराजा अग्रसेन भवन लोहा मंडी में मंच पर वरमाला के बाद समाजसेवियों ने नवयुगलों को सुखद जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। अलग-अलग सुसज्जित मंडपों में सभी नवयुगलों ने सात फेरे लिए। सुरभि की सदस्याओं ने सभी बेटियों को गृहस्थी का सामान उपहार स्वरूप भेंट करके नम आँखों से विदाई दी।

सुरभि की अध्यक्ष निधि अग्रवाल, प्रेरणा स्रोत प्रीति उपाध्याय, संरक्षक वंदना अग्रवाल, सह संरक्षक नीलिमा शर्मा, मार्गदर्शक निधि बंसल, सचिव अंजलि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ममता जैन, संयोजक निहारिका अग्रवाल, रानी खंडेलवाल, अंजना शिवहरे, डॉ. रचना शर्मा, मीना अग्रवाल ने सभी व्यवस्थाएँ सँभालीं।

मुख्य अतिथि समाजसेवी महेश उपाध्याय, शिल्पी उपाध्याय, समारोह अध्यक्ष गौरव बंसल, स्वागताध्यक्ष अजय शिवहरे, विशिष्ट अतिथि  नरेंद्र कुमार, मनोज अग्रवाल के साथ कैबिनेट मंत्री एसपी सिंह बघेल, राज्यसभा सांसद नवीन जैन, बीजेपी महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट राजीव अग्रवाल, तरुण शर्मा, केशव दत्त गुप्ता, बसंत गुप्ता, प्रमोद सिंघल, उमेश बंसल, सीए विवेक अग्रवाल, मनोज पोली भाई, विनय सिंह सहित कई महान हस्तियों ने नवयुगलों को आशीर्वाद प्रदान किया।

# नवजात शिशुओं के लिए जीवनदायी साबित होगा मदर मिल्क बैंक

## गभार्धान संस्कार मेटरनिटी होम, प्रताप नगर में उत्तर भारत का पहला मदर मिल्क बैंक

एनएनआई



**आगरा।** नवजात शिशुओं को माँ का सुरक्षित एवं पोषक दुग्ध उपलब्ध करवा कर उनके जीवन की रक्षा एवं मातृ-दुध के संरक्षण के लिए चंद्रभान साबुन वाले सेवा ट्रस्ट द्वारा जन सेवा अभियान के तहत एक अनूठे सेवा प्रकल्प के रूप में प्रताप नगर स्थित गभार्धान संस्कार मेटरनिटी होम परिसर में उत्तर भारत के प्रथम अत्याधुनिक तकनीक युक्त मदर मिल्क बैंक की स्थापना की गई है। इस 'मुंशी पन्ना मातृ-शिशु दुग्ध बैंक' का लोकार्पण मुख्य अतिथि मंडलायुक्त नागेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया जाएगा। एसएन मेडिकल कॉलेज के गेस्ट हाउस में उक्त जानकारी प्रदान करते हुए एसएन मेडिकल कॉलेज की स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. शिखा सिंह, लेडी लॉयल हॉस्पिटल की अधीक्षक डॉ. पुष्प लता, बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार, डॉ. सुधा बंसल, श्री चंद्रभान साबुन वाले सेवा ट्रस्ट के प्रेरणा स्रोत प्रमुख समाजसेवी अशोक कुमार गोयल, संरक्षक मुकेश जैन, अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल द्वारा जन जागरूकता के लिए पोस्टर जारी किया गया। इस अवसर पर एसएन मेडिकल कॉलेज की स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. शिखा सिंह ने कहा कि यह मदर मिल्क बैंक नवजात शिशुओं के लिए जीवनदाई साबित होगी।

इस पहल से कुपोषण में कमी, शिशु मृत्यु दर में सुधार और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य- संरक्षण में अभूतपूर्व सहायता मिलने की उम्मीद है। लेडी लॉयल हॉस्पिटल की अधीक्षक डॉ. पुष्प लता ने कहा कि यह उत्तर भारत में अपनी तरह की एक महत्वपूर्ण और जनहितकारी पहल है। इसका उद्देश्य नवजात शिशुओं- विशेष कर उन शिशुओं को, जिन्हें माँ का दूध उपलब्ध नहीं हो पाता, उन्हें सुरक्षित एवं पोषक मातृ दुग्ध उपलब्ध करवाना है। इस मौके पर संरक्षक समाज सेवी मुकेश जैन,अशोक कुमार अग्रवाल, मुंशी पन्ना कृष्णा गोयल, सुलेखा गोयल, मनोज अग्रवाल, सचिन गोयल, राजकुमार गर्ग, रमेश चंद्र अग्रवाल, राजीव जैन, राकेश अग्रवाल, सीए गौरव गोयल, गौतम सेठ, राजीव गुप्ता, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. नीलम सिंह, अतुल शर्मा, पवन सिंह, डॉ. आरके मिश्रा भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# झूलेलाल साईं की आराधना में झूमा सिंधी समाज

## बहराणा साहिब की ज्योत से आलोकित हुआ रंग महल



एनएनआई

**आगरा।** बीघा नगर स्थित रंग महल में सिंधी समाज द्वारा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ भगवान झूलेलाल साईं के पावन बहराणा साहिब एवं ज्योत प्रज्वलन का भव्य आयोजन किया गया, कार्यक्रम में समाज के श्रद्धालुओं ने अपने इष्ट देव झूलेलाल साईं की आराधना कर सुख-समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना की। बहराणा साहिब और ज्योत पूजन से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, इसी आस्था के साथ महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने पूरे भाव-विभोर वातावरण में पूजा-अर्चना कर झूलेलाल साईं का गुणगान किया। कार्यक्रम में सिंधी म्यूजिकल पार्टी द्वारा प्रस्तुत किए गए भक्तिमय सिंधी गीतों और भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे, पूरा रंग महल भक्ति, उल्लास और सिंधी संस्कृति के रंगों से सराबोर दिखाई दिया, श्रद्धालुओं ने नृत्य कर अपने इष्ट देव के प्रति प्रेम और आस्था व्यक्त की। इस अवसर पर सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी, नानकराम मनवानी एवं श्याम भोजवानी, हेमंत भोजवानी, ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी ने समाज की एकता, प्रेम और सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में झूलेलाल साईं से समाज में सुख, शांति, समृद्धि और भाईचारे की कामना की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। मुख्य रूप से उपस्थित रहे सुनील मानवानी, जगदीश डोडानी, जय प्रकाश धमार्णी, लखन मानवानी, ललित,डॉ अक्षय गैलानी, राजा सुखनानी, लाल मोटवानी,आदि।

## हॉपअप कंपनी ने शुरू किया प्रीमियम पारिवारिक मनोरंजन केंद्र



**आगरा (एनएनआई)।** हॉपअप कंपनी ने ताजनगरी में प्रीमियम पारिवारिक मनोरंजन केंद्र शुरू किया है। यह मनोरंजन केंद्र एमजी रोड स्थित अंजना सेंट्रल में शुरू किया। हॉपअप देश के आधा दर्जन शहरों में पहले से ही सफल संचालन कर रही है। इस अवसर पर कंपनी के विकास डंग, वेदांत हरसौरा, निखिल नागपाल, इंद्रजीत पुनियानी और मेघा ने केंद्र में उपलब्ध कराई सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़, मुंबई, जयपुर, अमृतसर, भरूच तथा सूरत जैसे शहरों के बाद यूपी में यह पहला केंद्र खोला गया है। इस मनोरंजन केंद्र में छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराए गए हैं। यहाँ बॉलिंग, आर्केड एवं रिडेम्शन गेम्स, आभासी वास्तविकता (वीआर) तथा किड्स सिटी जैसे विविध आकर्षण एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि यहां सौ रुपये प्रति गेम का शुल्क देने पर कार्ड मिलेगा, जिसके माध्यम से विभिन्न खेलों का आनंद लिया जा सकता है, लेकिन इच्छुक व्यक्ति को न्यूनतम दो हजार रुपये का कार्ड लेना होगा। इसमें सुविधा यह रहेगी कि यदि किसी व्यक्ति ने कार्ड लेने के बाद चार-पांच या आठ-दस गेम ही खेले तो बची हुई राशि को वह अगली विजिट पर प्रयोग कर सकता है। हॉपअप में 50 से अधिक व्यक्तियों की क्षमता वाला बैंक्वेट भी उपलब्ध है, जहाँ जन्मदिन, कॉर्पोरेट आयोजन, पारिवारिक समारोह संपन्न किए जा सकते हैं।

## किसान यूनियन का प्रदर्शन, समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**आगरा (एनएनआई)।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी एत्मादपुर को सौंपा गया। प्रारंभ में प्रशासन की ओर से कोई भी अधिकारी ज्ञापन लेने के लिए उपस्थित नहीं हुआ, जिसके चलते संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया। स्थिति को देखते हुए संगठन के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता बच्चू सिंह चौहान, के नेतृत्व में प्रशासन को 15 मिनट का अल्टीमेटम दिया गया कि यदि निर्धारित समय तक कोई अधिकारी ज्ञापन लेने नहीं पहुंचता है, तो भारतीय किसान यूनियन (भानु) के कार्यकर्ता जलेसर रोड को घेरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। प्रशासन द्वारा स्थिति की गंभीरता को समझते हुए अल्टीमेटम की समय सीमा समाप्त होने से पूर्व ही नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर ज्ञापन प्राप्त किया। ज्ञापन में मुख्य रूप से सड़क की जर्जर स्थिति, स्मार्ट मीटर की समस्याएं, किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त अव्यवस्थाओं को प्रमुखता से उठाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से महाराज सिंह चौहान, ब्रजेश चौधरी, प्रवीण पचौरी, प्रबल मित्तल उपस्थित रहे।



# स्मार्ट मीटर के खिलाफ सपा का हल्लाबोल

## रैली निकालकर किया जमकर हंगामा प्रदर्शन, पुलिस से भी हुई नोकझोंक

एनएनआई





**आगरा।** स्मार्ट मीटर और बिजली शोषण के खिलाफ जनआक्रोश रैली ने बड़ा रूप ले लिया। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास के नेतृत्व में निकली इस रैली में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

रैली की शुरूआत सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा मशाल प्रज्वलित कर की गई, जिसे उन्होंने महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास को सौंपकर रैली को रवाना किया। इसके बाद यह जनसैलाब पूरे जोश के साथ धौलपुर हाउस से आगे बढ़ने लगे वही पुलिस द्वारा अतिरिक्त पुलिस बल लगाकर समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकताओं को पुलिस द्वारा रास्ता और पहले गेट लगाकर भी रोकने का काम किया गया उसमें कई कार्यकताओं के साथ धक्का मुक्की में कई नेताओं और कार्यकर्ता चोट भी लगी।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता से खुली लूट की जा रही है। पहले जहां 1500 रुपये तक का बिल आता था, अब वही उपभोक्ता 3-4 हजार रुपये तक रिचार्ज कराने को मजबूर है, लेकिन न तो यूनिट का कोई स्पष्ट हिसाब है और न ही बिलिंग में पारदर्शिता।

लोगों ने आरोप लगाया कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर प्रणाली गरीब और मध्यम वर्ग पर सीधा आर्थिक हमला है। रिचार्ज खत्म होते ही तुरंत बिजली काट दी जाती है, जो पूरी तरह अमानवीय है। शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं होती और तकनीकी खराबियों का खामियाजा भी जनता को ही भुगतना पड़ रहा है।

इस दौरान महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास ने कहा कि होली बुराइयों



को जलाने का प्रतीक है और आज हमने स्मार्ट मीटर के रूप में इस बुराई को जलाया है। यह प्रदेश सरकार के लिए स्पष्ट संकेत है कि जनता अब शोषण बर्दाश्त नहीं करेगी। यहां जली यह होली की तपिश लखनऊ तक पहुंचेगी और सरकार को हमारी मांगें माननी ही होंगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 7 दिनों के भीतर स्मार्ट मीटर व्यवस्था बंद नहीं की गई, पुराने मीटर बहाल नहीं किए गए और बढ़े हुए बिलों की जांच नहीं हुई, तो समाजवादी पार्टी वृहद आंदोलन, घेराव और सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करने के लिए बाध्य होगी।

राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने कहा कि सरकार तानाशाही अपना रही है और लोगों का खून चूस रही है समाजवादी पार्टी इसका विरोध करती है।

इस अवसर पर रामसहाय यादव, राम गोपाल भगेल, फर्रुखसियर, राहुल चतुर्वेदी, कादिर कुरैशी, डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान, रिजवान(प्रिंस), लला गुर्जर नितिन कोहली, पुष्पेंद्र शर्मा, गिरीश चंद्र गोयल, देवेंद्र यादव, आमिर फौजदार, सतीश चाहर, राहुल चौधरी ,रवि मेहरा ,चौधरी फरहान, अमित यादव, अजीज अब्बास, जीशान अहमद, इमरान कुरैशी, नितिन वर्मा,नरेंद्र सिंह नंद, मुन्नी बेगम, पूनम बाल्मिक, को मीना वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## दो लोगों के नेत्रदान से रोशन होंगी चार जिंदगियां





**आगरा** एनएनआई। नेत्रदान सबसे बड़ी मानव सेवा है। इसी से प्रेरित होकर शहर के दो परिवारों ने समाज के प्रति संवेदनशीलता एवं प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मृत्योपरांत अपने स्वजन की कॉर्निया एस एन मेडीकल कालेज को दान की। जिससे अंधकारमय जीवन जी रहे चार लोगों के जीवन में उजाला होगा। नेहरू नगर निवासी रमेश चंद भाटिया( 72 ) सुपुत्र स्व हरीकिशन भाटिया का निधन हो जाने पर उनके पुत्र गौरव भाटिया ने क्षेत्र बजाजा कमेटी के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल से नेत्रदान प्रकिया पूरी कराने के लिए सम्पर्क किया। वहीं प्रभु नगर, जयपुर हाउस निवासी सरोज देवी गोयल( 66 ) का भी निधन हो जाने उनके पुत्र पवन व आशीष कुमार गोयल ने कमेटी के पूर्व मंत्री राजेंद्र कुमार गोयल से नेत्रदान के लिए सम्पर्क किया। सूचना पर आई बैंक इंचार्ज डा.शेफाली मजूमदार के निर्देशन में ग्रीफ काउंसिलर दीपक शर्मा व डाक्टर टीम द्वारा नेत्रदान प्रकिया पूरी कराई गई। नेत्रदान के लिए 9319809451 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## 24 मई को होगा भारतीय मजदूर संघ का जिला सम्मेलन

**आगरा** एनएनआई। ईदगाह बस स्टैंड पर स्थित भारतीय मजदूर संघ के कार्यालय में बैठक हुई। इसमें आगामी 24 मई को जिला सम्मेलन आयोजित करने का फैसला लिया गया। में जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह भगोर, विभाग प्रमुख चंद्रभान सिंह, जिला मंत्री मुकेश, विश्वविद्यालय से अध्यक्ष अखिलेश चौधरी, शिव गोविंद सिंह भदोरिया, संतोष यादव, नेत्रपाल सिंह, गंगाराम, छोटेलाल बघेल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रभारी सौरव शर्मा ने सभी यूनियनों से भरपूर योगदान की अपेक्षा जाहिर की। इस दौरान मजदूरों की समस्याओं के बारे में भी चर्चा की गई और मजदूरों के लिए जारी सरकारी योजनाओं को मजदूरों तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।



## आवास विकास की कार्रवाई के खिलाफ केंद्रीय मंत्री से मिले डॉ. पंकज नगायच

**आगरा** एनएनआई। आईएमए आगरा के अध्यक्ष डॉ. पंकज नगायच ने सोमवार को केंद्रीय राज्य मंत्री व सांसद एसपी सिंह बघेल से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। इसमें आवास विकास द्वारा की जा रही कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। बैठक के दौरान सभी चिंताओं को स्पष्ट एवं विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया गया। सांसद बघेल ने धैर्यपूर्वक सभी बिंदुओं को सुना और उठाए गए मुद्दों की गंभीरता को स्वीकार किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस विषय को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा तथा समयबद्ध समाधान के लिए ठोस कदमों पर विचार किया जाएगा।

## शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर विश्वविद्यालय, लिए नवाचार के महत्वपूर्ण निर्णय

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद खंदारी परिसर स्थित गेस्ट हाउस में कार्य परिषद की बैठक कुलपति प्रोफेसर आशु रानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं विकासात्मक विषयों पर व्यापक चर्चा करते हुए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर विशेष रूप से चर्चा हुई। साथ ही विश्वविद्यालय से संबंधित डाक टिकट एवं स्मारक सिक्का जारी करने के प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कुलाधिपति के माध्यम से भारत सरकार को शताब्दी स्मारक सिक्का जारी करने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा। कार्य परिषद ने आवासीय इकाई के अंतर्गत कैरियर एडवांसमेंट योजना के तहत प्रोफेसर संजीव शर्मा, प्रोफेसर अजय तनेजा, प्रोफेसर मनु प्रताप सिंह, प्रोफेसर प्रदीप श्रीधर एवं प्रोफेसर संजय चौधरी को सीनियर प्रोफेसर पद पर वैयक्तिक पदोन्नति प्रदान की। साथ ही डॉ. राजेश कुशवाहा, डॉ. नीलम यादव, डॉ. राजीव वर्मा एवं डॉ. मोहम्मद हुसैन को सह आचार्य पद पर पदोन्नति दी गई।

विश्वविद्यालय में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाने हेतु स्क्रीनिंग कमेटी के गठन के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। यह प्रक्रिया ह्यसमर्थह्न पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी ढंग से पूर्ण की जाएगी। बैठक में विवेकानंद इनक्यूबेशन फाउंडेशन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया, जिसके अंतर्गत अब तक विद्यार्थियों द्वारा 15 कंपनियों का पंजीकरण किया जा चुका है। कार्य परिषद ने सभी संबद्ध महाविद्यालयों को निर्देशित किया कि वे वेबसाइट के माध्यम से अपने छात्रों को इस पहल से जोड़कर अधिकतम लाभ दिलाएं।

## फेम ने वित्तमंत्री को उद्यमियों की समस्याओं से कराया अवगत

**आगरा** एनएनआई। फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को एक पत्र के माध्यम से उद्यमियों को आ रही समस्याओं से अवगत कराया एवं इनके समाधान का अनुरोध किया। प्रमुख समस्या जीएसटी के रिफंड में देरी की वजह है। लघु उद्यमियों के ऊपर जो 5% है वो रिफंड में देरी की वजह से 13% तक विभाग के पास रह जाता है जो उद्यमियों की कार्यशील पूंजी में से होने के कारण व्यापार बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है एवं उद्यमी अपने व्यापार में संकट का सामना करता है।

# तुरकिया नहर में गिरे युवक का शव बरामद





एनएनआई

**अछनेरा/आगरा।** विकासखंड अछनेरा के गांव तुरकिया नहर में सोमवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। क्षतिग्रस्त पुलिया पर बैठा 30 वर्षीय युवक अचानक संतुलन बिगड़ने के चलते नहर में जा गिरा। रेस्क्यू टीम ने करीब 20 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मंगलवार सुबह युवक का शव नहर से बरामद किया है।

घटना सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे की है। महेश पुत्र लट्टे निवासी तुरकिया पुलिया पर बैठा था, तभी अचानक नहर में जा गिरा। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाकर खोजबीन शुरू की, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर एसीपी शैलेन्द्र सिंह एवं थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने भी नहर में कूदकर तलाश की। शाम 5 बजे तक एनडीआरएफ/रेस्क्यू टीम न पहुंचने से ग्रामीणों में नाराजगी दिखी। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया लंबे समय से क्षतिग्रस्त है और पहले भी यहां कई हादसे हो चुके हैं। परिजनों के मुताबिक महेश पांच भाइयों में तीसरे नंबर पर था और मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। मंगलवार सुबह शव मिलने पर उपजिलाधिकारी दिव्या सिंह व स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद रहे। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## पुलिस ने बचाई आत्महत्या करने वाले छात्र की जान

एनएनआई

**जैतपुर।** कस्बा में एक 17 वर्षीय छात्र ने अपनी फेसबुक आईडी पर गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप होने से परेशान होकर सुसाइड नोट का मैसेज अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर वायरल किया जिसे देखकर पुलिस का मीडिया सेल सक्रिय हुआ और तुरंत घर में सुसाइड करने वाले पीड़ित छात्र की जान को बचा लिया।

जैतपुर पुलिस के अनुसार बीते रोज कस्बा निवासी एक 17 वर्षीय छात्र ने अपनी इंस्टाग्राम आई डी पर आत्महत्या करने से पूर्व अपनी मां के नाम एक संदेश पोस्ट किया जिसमें उसने लिखा आपको तकलीफ नहीं देना चाहता था अम्मी इसलिए अपनी मौत का कारण इस लेटर में लिखकर जा रहा हूं अम्मी मुझे माफ कर देना। जैसे ही बीते रोज की मध्य रात्रि 1:49 पर यह मैसेज पोस्ट हुआ वैसे ही मेटा कंपनी की तरफ से तत्काल ही मीडिया सेल को ईमेल के माध्यम से अलर्ट दिया गया जिस पर उच्च अधिकारियों ने तत्काल ही आगरा पुलिस आयुक्त दीपक कुमार को अलर्ट कर छात्र की जान बचाने के लिए कहा गया। इस पर जैतपुर पुलिस थानाध्यक्ष दीपक कुमार के निर्देशन में बताए एड्रेस पर पहुंची जहां पर परिजनों को साथ लेकर जैसे ही पुलिस ने कमरा खोला तो पीड़ित छात्र हाथ में कीटनाशक दवा लिए हुए था और पास में ही एक मोटी रस्सी रखी हुई थी। अगर पुलिस चंद्र मिनट की और देरी कर दी थी तो अनहोनी को रोक पाना संभव नहीं था।



# स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन, फतेहाबाद रोड किया जाम

एनएनआई

**फतेहाबाद।** थाना डौकी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर को लेकर महिलाओं का आक्रोश फूट पड़ा। सोमवार को लगभग 12:30 बजे बाजिदपुर चौराहे पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने एकत्र होकर जोरदार प्रदर्शन किया और फतेहाबाद रोड पर जाम लगा दिया। इस दौरान महिलाओं ने हाथों में स्मार्ट मीटर लेकर विरोध जताया, जिससे आगरा फतेहाबाद मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।

प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप था कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल में अनावश्यक वृद्धि हो रही है, जिससे आम उपभोक्ता आर्थिक रूप से परेशान हैं। उनका कहना था कि विभाग तत्काल स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर दोबारा लगाए।

जाम की सूचना मिलते ही थाना डौकी पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कर रही महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। लगभग आधा घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस के हस्तक्षेप से जाम खुलवाया गया और यातायात को सुचारू कराया गया।

## बाह के बिजली घर पर प्रदर्शन, स्मार्ट मीटर हटाओ का लगाया नारा

**बाह** एनएनआई। स्मार्ट मीटर का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा। सोमवार को जरार के टंकी मोहल्ले की महिलाएं बाह बिजली घर स्थित अधिशाषी अभियंता के कार्यालय पर पहुंची। महिलाओं ने स्मार्ट मीटर से ज्यादा बिल आने और बिजली कटने की शिकायत की। सीमा, राधा, नीतू, उमा, सलोनी, भारती,



सरिता, लली, राधिका, भूरी, कमला देवी, श्रीदेवी, मुस्कान, समीना, रुकसाना, नजमा, समा, सुनीता, मुकेश, मोहन, राजेश आदि ने बताया कि स्मार्ट मीटर से 2 गुना तक ज्यादा बिल आ रहा है। उन्होंने स्मार्ट मीटर की जगह पर पुराने मीटर लगाए जाने की मांग की। कार्यालय में संतोषजनक जबाव न मिलने पर एलान किया कि जल्द सुधार नहीं हुआ तो स्मार्ट मीटर उखाड़ कर फेंक देंगी।

# पश्चिम बंगाल और असम में जीत पर जश्न में डूबे भाजपाई

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जीत के उपलक्ष्य में क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर बड़ी बगीची शाहकुली में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें पार्टी की सफलता पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी।

बैठक के बाद कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस निकाला, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए गांधी मूर्ति बस स्टैंड पहुंचा। यहां कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सम्मान व्यक्त किया। इस दौरान भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा।

कार्यकर्ताओं ने गांधी प्रतिमा पर लड्डूओं का भोग लगाकर उपस्थित लोगों में मिठाई वितरित की। कार्यक्रम के दौरान माहौल पूरी तरह उत्सव जैसा बना रहा और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।



इस मौके पर जितेंद्र फौजदार, सोनू चौधरी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुड्डू चाहर, मोहन अग्रवाल, अनुज मित्तल, श्याम सिंह, हरिप्रसाद, बंटी सिसोदिया, विल्सन कुशवाहा तथा सभासद हनी गोयल सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बजे ढोल नगाड़े, की आतिशबाजी, बांटी मिठाई

**बाह** एनएनआई। बंगाल, असम एवं पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत पर बाह के मुख्य चौराहे पर भाजपाइयों ने ढोल नगाड़े बजवाए, आतिशबाजी की एवं मिठाई बांट कर जश्न मनाया। मोदी, योगी के नारों के बीच भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह राठौड ने कहा कि जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और विकास कार्यों पर जनता की मुहर है। बंगाल में तुष्टीकरण का अंत हुआ, सेवाभाव की राजनीति शुरू होगी। मिठाई बांट कर खुशी का इजहार करने वालों में मंडल अध्यक्ष श्याम शर्मा, उपेन्द्र भदौरिया, सुशील भदौरिया, विनोद सिंह प्रधान, मोनू प्रधान, रविन्द्र भदौरिया, अखिल प्रताप सिंह, किशोरीलाल चक, ब्रह्मचारी चक, अमित झा, श्यामवीर ठाकुर, अमित गुप्ता, रामू भदौरिया आदि रहे। बिजौली में पूर्व जिला पंचायत सदस्य मलखान सिंह राठौड के नेतृत्व में बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत पर मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया।



वहीं जरार में भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष उमेश सिसोदिया के नेतृत्व में ढोल नगाड़े के बीच मिठाई बांट कर तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत का जश्न मनाया गया। वहीं तहसील परिसर में भाजपा कोर कमेटी के सदस्य पवन भदौरिया, कृष्णकांत, पंकज कुशवाह, भूपेन्द्र भदौरिया, वसीम पठान, विमल वर्मा, गौरव श्रीवास्तव, विनय राठौड, अभय सविता ने मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया।

## संपादकीय

# स्वास्थ के क्षेत्र में कोई लगाम नहीं




ये बात आक्रोश पैदा करती है कि हेल्थ केयर सेक्टर में मुनाफा कमाने की प्रवृत्ति कितनी बेलगाम हो गई है। प्राइवेट अस्पताल मरीजों को निचोड़ने का स्थल बन गए हैं।अस्पताल एवं खुदरा विक्रेता कुछ मेडिकल उपकरणों एवं दवाओं की फैक्टरी मूल्य या आयात लागत की तुलना में 25 गुना अधिक कीमत मरीजों से वसूल रहे हैं। बात इस हद तक पहुंच जाए कि दवा निमार्ता कंपनियां ही इसकी शिकायत करने लगें। एक रिपोर्ट के मुताबिक दवा निमार्ता कंपनियों ने गुजरे तकरीबन दो साल में कई बार केंद्र को पत्र भेजा। उनकी सरकारी अधिकारियों के साथ बैठक भी हुई। इनमें दवा कंपनियों ने न्यूनतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) के ऊपर कमाये जा रहे मुनाफे की सीमा तय करने की मांग की। स्पष्टतः केंद्र ने इन गुजारिशों को गंभीरता से नहीं लिया। इस आधार पर कहा जा सकता है कि अस्पतालों और रिटेलर्स के अनुचित मुनाफे पर लगाम लगाना उसकी प्राथमिकता नहीं है। लगभग 300 दवा निमार्ता कंपनियों के संगठन एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइसेज (एआईएमईडी) के पदाधिकारियों ने कहा है कि जो हो रहा है, मरीज उसको लेकर अंधेरे में हैं।एआईएमईडी ने सरकार को दी गई अर्जी में ह्यउचित, अधिक पारदर्शी, एवं मरीज केंद्रित मेडिकल उपकरण मार्केटह्न बनाने का अनुरोध किया था। इसमें कहा गया कि असल एमआरपी से अधिक कीमत वसूलने की प्रवृत्ति रोकी जानी चाहिए। मिसाल के तौर पर ड्रेसिंग, बैंडेज और प्लास्टर की ऐसी कीमत तय की जा सकती है, जो कारखाना लागत की तुलना में चार से पांच गुना अधिक हो। जबकि फिलहाल अस्पताल और रिटेलर इनको कारखाना लागत से 10 से 20 गुना अधिक कीमत पर बेच रहे हैं। एआईएमईडी ने नेशनल फर्मास्यूटिकल प्राइसिंग ऑथरिटी को भी पत्र लिखा, जिसे आवश्यक दवाओं की कीमत तय करने का अधिकार मिला हुआ है। मगर कहीं कोई चिंता ना देखने के बाद कंपनियों ने ये तथ्य मीडिया के जरिए सार्वजनिक किए हैं। उनका ये कदम काबिल-ए-तारीफ है। मगर सरकार के रुख को असंवेदनशील और लापरवाह ही कहा जाएगा।स्वास्थ्य देखभाल की स्थिति के बारे में नेशनल सैंपल सर्वे (एनएसएस) से सामने आए कई तथ्य चिंताजनक हैं।इसके मुताबिक देश में बीमा करवेज बढ़ा है, मगर अस्पताल में मरीजों के भर्ती होने की दर लगभग जस की तस है। दूसरी तरफ अस्पताल में भर्ती मरीजों के अपनी जेब से खर्च करने की दर बढ़ी है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कई प्रकार की जांच अस्पताल से बाहर करवानी पड़ती है। साथ ही कई दवाएं खुद खरीदनी पड़ती है।इलाज प्राइवेट अस्पताल में हो रहा हो, तो यह खर्च और बढ़ जाता है। ग्रामीण इलाकों में बीमा कवरेज 14.1 से बढ़ कर 47.4 प्रतिशत और शहरी इलाकों में 19.1 से 44.3 प्रतिशत हो गया है। इस वृद्धि का प्रमुख कारण आयुष्मान भारत या राज्य सरकारों की बीमा योजनाएं हैं। इसके अलावा एनएसएस में ईएसआईएस और सीजीएचएस की सुविधा प्राप्त सरकारी कर्मचारियों को भी बीमा कवरेज प्राप्त लोगों में गिना गया, जिससे कवरेज का दायरा अधिक फैला हुआ नजर आता है। बहरहाल, चिंता वाली बात यह है कि बीमा सुविधा प्राप्त मरीजों की जेब पर भी दबाव बना हुआ है।तो सवाल है कि बीमा कवरेज आधारित स्वास्थ्य देखभाल का मॉडल कुल मिलाकर आम जन को कितनी राहत दे पा रहा है? या आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं असल में प्राइवेट अस्पतालों को सार्वजनिक धन ट्रांसफर करने का माध्यम बनी हुई हैं? प्राइवेट अस्पताल अधिकतम मुनाफा कमाने से नजरिए से चलते हैं, जहां कोशिश बीमा योजना के तहत अधिकतम संभव रकम झटक लेने पर होता है। आम तौर पर होने वाले ऐसे तजुर्बों की पुष्टि एनएसएस ने की है। अतः स्वास्थ्य देखभाल के वर्तमान ढांचे पर समग्र पुनर्विचार की जरूरत है। मुद्दा यह है कि सार्वजनिक क्षेत्र में सबको स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के अलावा क्या कोई कारगर विकल्प मौजूद है? स्पष्टतः अब प्राथमिकता बीमा योजनाएं नहीं, बल्कि सरकारी अस्पताल बनवाना होना चाहिए।

## 05 मई को जयंती पर विशेष

# नारी सशक्तिकरण के प्रेरक थे सेठ अचल सिंह



### स्वाधीनता आंदोलन के थे प्रमुख सेनानी

### स्वाधीन भारत में पांच बार के थे लोकसभा सदस्य

प्रस्तुति-आदर्श नंदन गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार

स्वाधीन भारत में पांच बार सांसद रहे सेठ अचल सिंह स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख सेनानी थे। वे और उनकी पत्नी भगवती देवी नारी सशक्तिकरण के पक्षधर थे। उन्होंने आगरा में पहला बालिका विद्यालय शुरू किया था, जो आज भगवती देवी जैन डिग्री कालेज तक अपना यश फैला रहा है।

रोशन मोहल्ला में 05 मई 1895 को जन्मे सेठ अचल सिंह ने स्वाधीनता के कई आंदोलनों का नेतृत्व आगरा में किया था। अनेक बार जेल यात्राएं कीं। उनकी धर्मपत्नी भगवती देवी जैन भी इन आंदोलनों में सहयोगी रहीं, बल्कि पर्दा प्रथा की विरोधी थीं। उन्होंने महिलाओं को शिक्षित करने के लिए अपनी संचित राशि और आभूषण, जो करीब ढाई लाख रुपये के थे, सेठ जी को दिए और कहा कि बालिका विद्यालय का स्थापित किया जाए। 29 जनवरी 1941 को कन्या विद्यालय की स्थापना हुई। शुरूआत प्राइमरी स्कूल से हुई। उसके बाद जुलाई 1949 में यह विद्यालय जूनियर हाईस्कूल और 1954 में इंटर कालेज हो गया। उसके बाद यह कन्या महाविद्यालय के रूप में गौरव बढ़ा रहा है।



भू० पू० मुख्यमन्त्री स्व० सम्पूर्णानन्द जी सेठजी के साथ जलपान ग्रहण करते हुए।

सेठ अचल सिंह कांग्रेस ऐसे नेता थे, जिनकी आजादी से पहले और आजादी के बाद भी शीर्ष नेताओं से करीबी रही। उन स्वाधीनता सेनानियों में प्रमुख थे, जिन्हें पं.मोतीलाल नेहरू ने स्वयं कांग्रेस की सदस्यता दी थी।

सन् 1927 में जब पूरे देश में साइमन कमीशन के विरोध में आंदोलन हुए तो इन्होंने आगरा में इसका विरोध किया। सन् 1930 में

सत्याग्रह करते हुए पहली बार गिरफ्तार किए गए। इसमें इन्हें छह मास जेल में रहना पड़ा था, लेकिन उनकी सक्रियता और तेज हो गई। सन् 1940 में गांधी जी के आह्वान पर व्यक्तिगत सत्याग्रह में भाग लिया और इसमें इन्हें एक साल की सजा हुई थी।

सन् 1942 राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर पूरे देश में अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन किया गया। इस करो या मरो आंदोलन में पूरा देश क्रांतिमय हो गया था। इसमें सेठ अचल सिंह ने विभिन्न स्थानों पर हुए आंदोलनों का नेतृत्व किया और 2 साल 6 महीने जेल की सजा भोगी थी।

सन् 1952 में भी सत्याग्रह करते हुए वे गिरफ्तार हुए, इस बार इन्हें एक साल छह महीने की सजा हुई। सेठजी की खासियत थी कि जेल यात्राओं से वे कभी हताश नहीं होते थे, बल्कि वे वहां अध्ययन और पुस्तकों का लेखन कार्य करते थे। जेल में उन्होंने सफल साधना और जेल में मेरा जैनाभ्यास, दो पुस्तकें लिखीं थीं।

इसके अलावा ओसवाल उद्धारक, पशु सेवक, सिंहनाद, सेवक आदि समाचार पत्रों का संपादन किया।

दरेसी पर अचल भवनआज भी सेठजी की स्मृतियों को ताजा करता है। सेठजी का निधन 20 दिसंबर 1983 को हो गया था।



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (सन् १९५३) के आगरा अधिवेशन पर स्व० नेहरू जी साथ में सेठजी व श्रीमती विजयलक्ष्मी पंडित आगरा की जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए

## नैतिकता का दिया संदेश



सेठ अचल सिंह ने नैतिकता का स्वयं पालन किया और इसकी प्रेरणा वे सभी को देते रहे है। अचल ट्रस्ट द्वारा शहर के नैतिक सदाचारी व्यक्तित्वों को प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाता रहा है।

**राजीव अग्रवाल, मंत्री-अचल ट्रस्ट, आगरा**

## मथुरा रिफाइनरी को स्थापित कराया था



सेठ अचल सिंह की इच्छा थी कि रिफाइनरी आगरा में स्थापित हो, लेकिन ताजमहल को प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से यहां इस प्रकार के कोई उद्योग या फैक्ट्री नहीं लग सकती थी। इसलिए उन्होंने प्रबल पैरवी करते हुए इसको मथुरा में स्थापित कराया था। दक्षिण भारतीय नेता अपने प्रदेश में इसको स्थापित करना चाहते थे, लेकिन सेठजी के मजबूत प्रयासों से यह संभव नहीं हो सका।

**-मनोज बोहरा, सेठजी के प्रपौत्र व सदस्य-उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी**

# रणनीति, संदेश और जमीनी गणित का संगम

## पश्चिम बंगाल में बीजेपी की ऐतिहासिक जीतः सामाजिक समीकरणों और नेतृत्व की निर्णायक भूमिका का सधा इस्तेमाल

**पश्चिम बंगाल की राजनीति ने इस बार वह मोड़ लिया है जिसकी कल्पना कुछ वर्ष पहले तक कठिन मानी जाती थी। लंबे समय तक राज्य की सत्ता पर मजबूत पकड़ बनाए रखने वाली ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस को पीछे छोड़ते हुए भारतीय जनता पार्टी ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। यह परिणाम केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि बंगाल के सामाजिक-राजनीतिक ढांचे में गहरे परिवर्तन का संकेत है। यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि वर्षों से तैयार हो रही राजनीतिक जमीन, संगठित रणनीति और मतदाता मनोविज्ञान के सूक्ष्म अध्ययन का परिणाम है।**



डॉ. अनिल दीक्षित

इस पूरे चुनाव की सबसे उल्लेखनीय विशेषता रही, केंद्रीय नेतृत्व की असाधारण सक्रियता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का लगभग 15 दिनों तक लगातार बंगाल में डेरा डालना सामान्य चुनावी गतिविधि नहीं थी, बल्कि यह एक सुनियोजित राजनीतिक संदेश था। शाह ने केवल बड़ी रैलियों तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्होंने बूथ स्तर तक बैठकों का सिलसिला चलाया। संगठनात्मक समीक्षा, कार्यकताओं के साथ प्रत्यक्ष संवाद, स्थानीय नेताओं के साथ रणनीतिक बैठकों और चुनावी प्रबंधन के हर स्तर पर उनकी सीधी भागीदारी ने यह सुनिश्चित किया कि पार्टी की रणनीति जमीन पर पूरी ताकत के साथ लागू हो। उनका यह प्रवास कार्यकताओं के लिए मनोबल बढ़ाने वाला और विपक्ष के लिए दबाव बनाने वाला दोनों साबित हुआ। इसी के समानांतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लगातार और आक्रामक चुनावी सभाओं ने चुनावी माहौल को पूरी तरह राष्ट्रीय फलक पर ला खड़ा किया। उनकी रैलियों में उमड़ी भीड़, भावनात्मक अपील और विकास के वादों का संयोजन एक व्यापक संदेश दे रहा था, कि यह चुनाव केवल राज्य का नहीं, बल्कि विकास की दिशा तय करने वाला चुनाव है। डबल इंजन सरकार जैसे शब्दों का विचार, केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी होने से विकास की गति तेज होने का तर्क, और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों ने मतदाताओं के एक बड़े वर्ग को प्रभावित किया। मोदी की सभाओं ने न केवल समर्थकों को एकजुट किया बल्कि अनिर्णीत मतदाताओं को भी प्रभावित करने में भूमिका निभाई।

इस चुनाव में सामाजिक ध्रुवीकरण एक महत्वपूर्ण लेकिन जटिल कारक के रूप में सामने आया। राजनीतिक बयानबाजी और कुछ घटनाओं ने एक ऐसा माहौल बनाया जिसमें पहचान आधारित मतदान की प्रवृत्ति मजबूत हुई। जहां एक ओर मुस्लिम वोटों के संभावित एकजुट होने की चर्चा रही, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं की एकजुटता देखने को मिली। इस रिवर्स पोलराइजेशन ने कई सीटों पर परिणामों को निर्णायक रूप से प्रभावित किया। इसके साथ ही, इस चुनाव ने बंगाल में सामाजिक प्रतिनिधित्व के सवाल को भी केंद्र में ला दिया। लंबे समय से भद्रलोक राजनीति के प्रभाव में रहने वाले राज्य में ओबीसी और अन्य पिछड़े वर्गों की राजनीतिक हिस्सेदारी को लेकर एक नई बहस खड़ी हुई। बीजेपी ने इस मुद्दे को रणनीतिक रूप से उठाया और इसे केवल चुनावी वादे के रूप में नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतिनिधित्व के प्रश्न के रूप में प्रस्तुत किया। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका व्यापक असर देखा गया, जहां मतदाताओं ने इसे अपनी भागीदारी और पहचान से जोड़ा। तीन बार की सरकार के बाद स्वाभाविक रूप से उत्पन्न हुई सत्ता विरोधी लहर भी इस परिणाम में एक प्रमुख तत्व रही। ममता बनर्जी की सरकार पर लगे हर सरकारी भुगतान में कमीशन (कटमनी), भ्रष्टाचार और महिला सुरक्षा



से जुड़े आरोपों को विपक्ष ने लगातार उठाया। भाजपा ने जब आरजी कर मेडिकल कॉलेज की छात्रा बलात्कार पीड़ित छात्रा की मां को चुनाव लड़ाया, तो ये तृणमूल के अपेक्षाकृत ज्यादा समर्थन के क्षेत्र में एक भावनात्मक मुद्दा बन गया। शिक्षक भर्ती घोटाले और अन्य विवादों ने शासन की छवि को प्रभावित किया। हालांकि राज्य सरकार ने विकास योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों के जरिए इन आरोपों का जवाब देने की कोशिश की, लेकिन व्यापक स्तर पर बदलाव की मांग को पूरी तरह रोक पाना संभव नहीं हो पाया।

बीजेपी की संगठनात्मक क्षमता इस चुनाव में अपने चरम पर दिखाई दी। देश के विभिन्न हिस्सों से हजारों कार्यकर्ताओं को बंगाल में तैनात किया गया, जिन्होंने बूथ स्तर तक पहुंचकर काम किया। हर विधानसभा क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से टीमों का गठन, स्थानीय भाषा और संस्कृति को समझने वाले कार्यकर्ताओं की भागीदारी, और घर-घर संपर्क अभियान ने चुनाव को एक व्यापक जनसंपर्क आंदोलन का रूप दे दिया। यह केवल प्रचार नहीं था, बल्कि मतदाताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करने की रणनीति थी। प्रवासी बंगाली मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल करने का प्रयास भी उल्लेखनीय रहा। राज्य से बाहर रोजगार के लिए गए मतदाताओं तक पहुंच बनाकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, लेकिन इसे सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया। इससे न केवल मतदान प्रतिशत बढ़ा, बल्कि बीजेपी के समर्थन आधार में भी वृद्धि हुई। इस पूरी प्रक्रिया में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। संघ के नेटवर्क ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सक्रियता बढ़ाई। गांव-गांव बैठकों, सामाजिक संपर्क अभियानों और वैचारिक संवाद के जरिए उन वर्गों तक पहुंच बनाई गई जो पहले वामपंथी विचारधारा या तटस्थ रुख के लिए जाने जाते थे। यह कार्य दीर्घकालिक संगठनात्मक रणनीति का हिस्सा था, जिसका लाभ चुनाव में दिखाई दिया। हालांकि इससे पूर्व भाजपा और संघ में कभी-कभी तालमेल न होने के आरोप लगते रहे थे।

बीजेपी ने इस बार बंगाली अस्मिता के प्रश्न को टकराव की बजाय सामंजस्य के साथ साधने की कोशिश की। स्थानीय नेतृत्व को आगे रखकर, सांस्कृतिक प्रतीकों को अपने अभियान का हिस्सा बनाकर और भाषा और परंपराओं का सम्मान दिखाकर यह संदेश दिया गया कि पार्टी राज्य की पहचान के साथ खड़ी है। इससे 'बाहरी बनाम बंगाली' का मुद्दा अपेक्षित तीव्रता नहीं पकड़ पाया। तृणमूल ने जब कथित बाहरी लोगों की बात की, भाजपा ने उसका काउंटर बांग्लादेशी घुसपैठियों को संगठित रूप से बसाने को ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। महिला मतदाताओं की भूमिका इस चुनाव में निर्णायक रही। सुरक्षा, सम्मान और कल्याण योजनाओं को केंद्र में रखकर बीजेपी ने महिला वोटरों के बीच अपनी पैठ मजबूत की। उज्ज्वला योजना, आवास योजनाएं और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लाभार्थियों को सीधे संबोधित किया गया। इसके साथ ही चुनाव के दौरान सुरक्षा बलों की व्यापक तैनाती और अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण मतदान ने महिलाओं और शहरी मतदाताओं की भागीदारी को बढ़ाया।

डिजिटल और सोशल मीडिया का प्रभाव भी जबरदस्त था। व्हाट्सएप, फेसबुक और स्थानीय डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से संदेशों का व्यापक प्रसार किया गया। माइक्रो-टारगेटिंग के जरिए अलग-अलग सामाजिक समूहों तक अलग-अलग संदेश पहुंचाए गए, जिससे चुनावी रणनीति और अधिक प्रभावी बनी। आप शायद यह जानकर हैरान होंगे, कि सयानी घोष ने जब दिल में काबा, आंखों में मदीना वाला गाना गया तो इस भाषा मुस्लिम परस्ती बताते हुए शायद अपने समर्थकों के हर व्हाट्सएप ग्रुप तक पहुंचा दिया गया। लेकिन यह भी भूलना नहीं चाहिए कि बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाने की घोषणा करने वाले हुमायूं कबीर के मुद्दे को भी भाजपा ने भुनाने की कम कोशिश नहीं की। उत्तर प्रदेश के फायर ब्रांड मुख्यमंत्री और हिंदुत्व के पोस्टरबॉय योगी आदित्यनाथ ने तो जैसे इस मुद्दे को तूफान बना दिया। और मुद्दे से तालमेल का ऐसा समन्वय रहा कि जहां-जहां सयानी घोष गईं, वहां-वहां भाजपा ने अपने किसी न किसी क्षेत्रीय या राष्ट्रीय नेता की सभा में यह मुद्दा जरूर उठवाया। इसका असर यह हुआ कि तृणमूल के प्रचारकों में सबसे ज्यादा चर्चित सयानी घोष न केवल विवादित हो गईं बल्कि उनकी सभाओं का उल्टा भाजपा ने नेगेटिव इंपैक्ट बनाकर लाभ उठा लिया।

जीत की वजह पर मनन करते समय ये भी याद रखना होगा कि पश्चिम बंगाल में बीजेपी की यह जीत केवल एक राजनीतिक दल की सफलता नहीं, बल्कि बहुस्तरीय रणनीतियों, नेतृत्व की सक्रियता, संगठनात्मक क्षमता और मतदाता मनोविज्ञान की गहरी समझ का परिणाम है। यह परिणाम यह भी संकेत देता है कि बंगाल की राजनीति अब एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है, जहां परंपरागत समीकरणों के साथ-साथ नई सामाजिक और राजनीतिक शक्तियां भी निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि यह बदलाव राज्य की नीतियों, शासन और राजनीतिक संस्कृति को किस दिशा में ले जाता है। बंगाल की यह जीत मुझे अप्राकृतिक नहीं लगती, जीत के अगले ही कुछ पलों में मुझसे बातचीत की शुरूआत इतनी प्रफुल्लित आवाज में थी कि मुझे लगा जैसे उसे मनवांछित फल मिल गया। शब्द थे, बंगाल आज आजाद हो गया। ममता के उत्तराधिकारी अभिषेक बनर्जी की गुंडई भी नेगेटिव कारक रही, यह भी हमें भूलना नहीं चाहिए। कभी-कभी छोटी सी बात का बड़ा असर होता है, और नेता बोलते समय यह भूल जाते हैं।

**(लेखक शिक्षाविद एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**



NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र



# मुंबई इंडियंस का आईपीएल में सबसे बड़ा रन चेज

## आठ गेंद शेष रहते लखनऊ को हराया; रोहित-रिकेल्टन चमके




**मुंबई।** रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन की शानदार साझेदारी की मदद से मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपरजाएंट्स को छह विकेट से हरा दिया। लखनऊ ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 228 रन बनाए। जवाब में मुंबई के लिए रोहित और रिकेल्टन ने अर्धशतक लगाए जिससे टीम ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 229 रन बनाकर मैच जीता। ये आईपीएल में मुंबई इंडियंस का सबसे बड़ा रन चेज है। इससे पहले मुंबई ने इसी सीजन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 221 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। इससे पहले, मुंबई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। इस मैच में लखनऊ की बल्लेबाजी शानदार रही। लखनऊ की टीम ने तीसरे ओवर में ही जोस इंग्लिस (13) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद मिचेल मार्श और निकोलस पूरन ने शानदार बल्लेबाजी की। पूरन ने अर्धशतक जड़ने के अलावा सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्शके साथ दूसरे विकेट के लिए 94 रन जोड़कर सुपर जाएंट्स को ठोस मंच प्रदान किया। पूरन ने चाहर पर फाइन लेग पर छक्के के साथ सिर्फ 16 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। पूरन हालांकि इसके बाद बॉश की गेंद पर विकेटकीपर रेयान रिकेल्टन को कैच दे बैठे। कॉर्बिन बॉश ने इसी ओवर में मार्श को भी नमन के हाथों कैच कराके सुपर जाएंट्स को दोहरा झटका दिया। निकोलस पूरन ने सबसे ज्यादा 21 गेंदों पर एक चौका और आठ छक्कों की मदद से 63 रन बनाए। वहीं, मिचेल मार्श ने 25 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 44 रन की पारी खेली।

कप्तान ऋषभ का खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह 15 रन बनाने के बाद जैक्स की गेंद पर रिकेल्टन के हाथों लपके गए। हिम्मत सिंह 31 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 40 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि एडेन मार्करम 25 गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 31 रन बनाकर नाबाद लौटे। मुंबई की ओर से कॉर्बिन बॉश ने दो विकेट लिए, जबकि एमएम गजनफर, विल जैक्स और रघु शर्मा को एक-एक विकेट मिले।

### रोहित-रिकेल्टन की शानदार साझेदारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित और रिकेल्टन ने शानदार शुरूआत दिलाई। रोहित इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलने उतरे थे और इस मैच में वह लय में नजर आए। मुंबई के लिए रोहित ने 44 गेंदों पर छह चौकों और सात छक्कों की मदद से 84 रन बनाए और रिकेल्टन 32 गेंदों पर छह चौकों और आठ छक्कों की मदद से 83 रन बनाकर आउट हुए। रिकेल्टन और रोहित के बीच पहले विकेट के लिए 143 रनों की साझेदारी हुई। हालांकि, रोहित और रिकेल्टन के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। सूर्यकुमार यादव ने 12 और तिलक वर्मा ने 11 रन बनाए। वहीं, नमन धीर 23 रन बनाकर नाबाद रहे और विल जैक्स 10 रन बनाकर नाबाद लौटे। लखनऊ के लिए मणिमरन सिद्धार्थ ने दो विकेट झटके, जबकि मोहम्मद शमी और मोहसिन खान को एक-एक विकेट मिले।

### अंक तालिका का हाल

मुंबई को लगातार तीन हार के बाद जीत मिली है, लेकिन वह अंक तालिका में नौवें स्थान पर मौजूद है। मुंबई के 10 मैचों में तीन जीत और सात हार के साथ छह अंक हैं। वहीं, लखनऊ सुपर जाएंट्स नौ मैचों में दो जीत और सात हार के साथ चार अंक लेकर 10वें नंबर पर हैं।

---

ताजगंज में क्रिकेट का महाकुंभ

# प्रीमियम लीग की ट्रॉफी का हुआ अनावरण



### दस दिवसीय दलिहाई प्रीमियम लीग की आज होगी शुरूआत, हर दिन होंगे तीन मैच

**आगरा एनएनआई।** दलिहाई ताजगंज स्थित श्री मदनमोहन मंदिर दलहाई परिसर में क्रिकेट प्रेमियों के लिए रोमांचक माहौल तैयार हो गया है। श्री मदनमोहन मंदिर कमेटी की ओर से आयोजित दस दिवसीय दलिहाई प्रीमियम लीग का रविवार को विधिवत आगाज ट्रॉफी अनावरण के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि छावनी विधायक प्रतिनिधि ठाकुर गणेश चन्द, समाजसेवी रविकांत दुबे, अतुल तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, अमित धामा, डिवीजन चौकी इंचार्ज अमित धामा, श्री दाऊजी महाराज खाटूश्याम मंदिर अध्यक्ष राजू गोयल और सपा के व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष संजीव पोरवाल ने संयुक्त रूप से विजेता ट्रॉफी का अनावरण किया।

संयोजक ओपी यादव ने बताया कि दस दिवसीय इस लीग में छह टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनके बीच कुल 30 मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में 48 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सभी मैच छह-छह ओवर के होंगे, जिससे हर दिन रोमांच अपने चरम पर रहेगा। लीग की शुरूआत सोमवार 4 मई को होगी और फाइनल मुकाबला 15 मई को मैदान पर खेला जाएगा।

श्री दाऊजी महाराज खाटूश्याम मंदिर अध्यक्ष राजू गोयल ने बताया कि यह आयोजन क्षेत्रीय खिलाड़ियों को मंच देने और उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रतिदिन तीन मैच खेले जाएंगे और सभी टीमें आपस में भिड़ेंगी। प्रतियोगिता में डी रॉयल चैलेंजर्स, किंग्स इलेवन दलिहाई, दलिहाई डेयरडेविल्स, नाइट राइडर्स, सुपर किंग्स और दलिहाई स्ट्राइकर्स टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर अभिषेक राजपूत, आदित्य राजपूत, अमन राजपूत, अभय सैलर, ठाकुर वीरेंद्र सिंह, ठाकुर विनोद सिंह, महेश चंद्र राजपूत आदि खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

---



# टॉक्सिक फिल्म को लेकर अफवाहों पर भड़कीं कियारा आडवाणी, बताया कोरी बकवास

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने उन मीडिया रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया गया था कि उन्होंने अपनी आगामी फिल्म 'टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में इंटीमेट सीन्स को कम करने का अनुरोध किया था। कियारा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक मीडिया रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें दावा किया गया है कि कियारा आडवाणी ने फिल्म निर्माताओं से 'टॉक्सिक' में यश के साथ बोल्ड दृश्यों को कम करने का अनुरोध किया है। इन खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए, अभिनेत्री ने रिपोर्ट को टैग किया और उन्हें बिल्कुल बकवास बताया। गीतु मोहनदास द्वारा निर्देशित इस फिल्म की पटकथा यश और गीतु मोहनदास ने लिखी है। 'टॉक्सिक' में यश के साथ नयनतारा, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया सहित कई जाने-माने सितारे हैं। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में घोषणा की है कि फिल्म की रिलीज तिथि स्थगित कर दी गई है और यह 4 जून, 2026 को सिनेमाघरों में नहीं आएगी। केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स द्वारा निर्मित यह फिल्म पहले 19 मार्च को रिलीज होने वाली थी, जिसे बाद में 4 जून कर दिया गया। फिल्म की नई रिलीज तिथि अभी घोषित नहीं की गई है। निर्माताओं के अनुसार, यह निर्णय सिनेमाकॉन में फिल्म के प्रदर्शन के बाद लिया गया है, जहां वैश्विक वितरकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। एक विस्तृत बयान में, अभिनेता-निर्माता यश ने कहा कि सिनेमाकॉन में अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के उत्साह ने इस बात को और पुख्ता किया है कि फिल्म बड़े पैमाने पर दर्शकों तक पहुंचने की हकदार है। उन्होंने कहा था कि कुछ फिल्में हम बनाते हैं, और कुछ फिल्में हमें याद दिलाती हैं कि हमें सिनेमा से प्यार क्यों हुआ। टॉक्सिक ऐसी ही एक यात्रा रही है। सिनेमाकॉन में अपनी फिल्म का प्रदर्शन करना और वैश्विक स्तर पर मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने हमारे उस विश्वास को और पुख्ता कर दिया है कि यह फिल्म दुनिया भर में अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने की हकदार है।



# सलमान खान संग फिल्म में नजर आएंगी करीना कपूर? राज और डीके बना रहे कमाल की कहानी

सलमान खान और करीना कपूर ने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। दोनों की 2 फिल्में बॉडीगार्ड और बजरंगी भाईजान ने तो बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था। अब एक बार फिर दोनों के साथ काम करने की खबरें सामने आ रही हैं। जिसमें दावा किया जा रहा है कि दोनों एक बार फिर से साथ में आने वाले हैं। हालांकि अभी तक कुछ भी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। करीना ने इस भूमिका में गहरी रुचि दिखाई है और मौखिक रूप से सहमति भी दे दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान ने खुद उनसे संपर्क किया है, जिससे बातचीत में तेजी आई है। अतुल अग्निहोत्री और मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में सलमान एक उम्रदराज सुपरहीरो की भूमिका में होंगे, जो अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण फिर से एक्शन में लौट आते हैं और अंततः खुद को एक बड़े संघर्ष में उलझा हुआ पाते हैं। यह फिल्म राज और डीके की सिनेमाघरों में वापसी भी होगी, उनकी 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'ए जेंटलमैन' के बाद, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर 'द फैमिली मैन', 'फर्जी', 'सिटाडेलः हनी बनी' और 'गन्स एंड गुलाब्स' जैसी सफल फिल्मों के बाद। हालांकि राज एंड डीके ने ओटीटी पर सुपरहिट सीरीज भी बनाई थी जिसका नाम था फैमिली मैन और इसमें मनोज बाजपेयी ने अहम किरदार निभाया था।

# भाजपा की जीत पर जमकर झूमे भाजपाई

एनएनआई

- भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मस्थली पश्चिम बंगाल में कमल खिला उन्हें दी गई श्रद्धांजलि
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विजय का उद्घोष देश को मिला,बंगाल का नया उदय हुआ और भाजपा की विजय की सुनामी आई



**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा ब्रज क्षेत्र कार्यालय पर सुबह से जुटना आरम्भ कर दिया । बड़ी स्क्रीन पर सभी ने एक एक प्रदेश के घोषित रुझान और बाद में परिणाम देखे। 12 बजे के बाद स्थिति स्पष्ट होने लगी और पश्चिम बंगाल, पॉन्डिचेरी,आसाम में स्पष्ट बहुमत आते ही कार्यकर्ता ढोल नगाड़ों पर नाचने लगे। भव्य आतिशबाजी ,पुष्प वर्षा और मिष्ठान वितरण कर सभी ने एक दूसरे को इस भव्य जीत की बधाई दी। मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बंगाल की जीत बहुत बड़ी जीत है।यह पश्चिम बंगाल के नए उदय का दिन है, भाजपा की विजय की सुनामी है।

राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने कहा कि असम, बंगाल और पॉन्डिचेरी का यह जनादेश भाजपा सरकार के सुशासन,राष्ट्र प्रथम और विकास की भावना के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि विपक्ष का नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक आरक्षण को रोकने ,महिलाओं के हक का हनन करना कि वजह से बड़ी संख्या में महिलाओं का वोट भाजपा को मिला।भाजपा की मजबूत कानून व्यवस्था,महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं के उत्थान की योजनाओं से देश की आबादी भाजपा को बड़ी संख्या में आशीर्वाद दे रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य, केंद्रीय राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल,राज्यसभा सांसद नवीन जैन, भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, पूर्व राज्यमंत्री विधायक डॉक्टर जी एस धर्मेश,एम एल सी विजय शिवहरे,हेमंत भोजवानी, महेश शर्मा, नीतेश शिवहरे, रोहित कत्याल,राहुल सागर,दीपू जादोन,मनवीर चौहान,नवीन गौतम, मनमोहन कुशवाह,अनिल सारस्वत,अंकित शर्मा, विक्रांत तिवारी,शरद चौहान,गौरव शर्मा,गौरव राजावत, शैलू पंडित,हिमांशु ठाकुर,विक्रांत कुशवाह,निर्मला दीक्षित,मंजू गुप्ता,अनीता खरे, डॉक्टर निधि शर्मा,अंजू गर्ग, माधुरी माहोर,हेमा चौहान,मंडल अध्यक्ष राहुल जैन,योगेश प्रजापति,पिंटू शर्मा,राजेश प्रजापति,जय सिंह सरदाराआदि उपस्थित रहे।

## भगवा खेमे में जश्न का माहौल

### आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण कर मनाई खुशी

एनएनआई



**आगरा।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर कमला नगर व्यापार संगठन द्वारा हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया गया। संगठन के अध्यक्ष अमित अग्रवाल के नेतृत्व में श्री राम मंदिर चौक, कमला नगर पर भव्य आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण कर जीत की खुशी को उत्सव में बदल दिया गया। कमला नगर व्यापार संगठन के तत्वावधान में आयोजित इस उत्सव कार्यक्रम में क्षेत्र के व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय जनता पार्टी का ध्वज लहराकर की गई, जिसके बाद ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकताओं और व्यापारियों ने जमकर नृत्य करते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। मनोनीत पार्षद एवं संगठन अध्यक्ष अमित अग्रवाल पारुल ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में मिली यह ऐतिहासिक जीत देश के प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व, जनकल्याणकारी नीतियों और जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह विजय राष्ट्र के विकास, सुशासन और समृद्धि की दिशा में एक मजबूत कदम है। इस अवसर पर महामंत्री पुनीत मदन, कोषाध्यक्ष उमेश अरोड़ा, आनंद अग्रवाल, गुड्डू शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक ढल, राहुल कुशवाह, मनीष, पार्षद हरिओम, कमल नयन मित्तल, बल्केश्वर मंडल अध्यक्ष शिव शैलेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष पल्लव गुप्ता, राजकुमार शाक्य, लाल सिंह शाक्य, पूर्व मंडल महामंत्री कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन सिंह वर्मा, शरद माहेश्वरी, कमल किशोर गुप्ता, सचिन मित्तल आदि उपस्थित रहे।

## बुलडोजर पर चढ़कर बांटी झालमुड़ी और मिठाई, मनाई जीत की खुशी



**आगरा (एनएनआई)।** पश्चिम बंगाल असम पांडूचेरी में हुई भाजपा की भारी बहुमत जीत पर आज देशभर में जश्न का माहौल मनाया जा रहा है। ताज नगरी,पुरानी मंडी चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा ने पश्चिम बंगाल असम पांडुचेरी में हुई भारी बहुमत जीत की खुशी ढोल नगाड़ों के साथ बुलडोजर पर चढ़कर झालमुडी व मिष्ठान वितरण किया गया। नाचते गाते हुए और आतिशबाजी कर भारी बहुमत जीत की खुशियां मनाई। इस अवसर पर भाजपा के महामंत्री नितेश शिवहरे,मयंक अग्रवाल, प्रदीप राठौर अमित शिवहरे,पहलवान देवेंद्र राठौर, राहुल शिवहरे,वरुण सिंह ,तुषार मित्तल, निशांत पचौरी ,आशीष राठौर ,शिवम कुमार ,विनेश सिंह सागर राठौरआदि भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एकदूसरे को मिठाई खिला मनाया जीत का जश्न



**आगरा (एनएनआई)।** भारतीय जनता पार्टी छावनी परिषद मंडल के कार्यकताओं ने शहजादी मंडी में पश्चिम बंगाल में पार्टी की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर पार्टी कार्यकताओं मिष्ठान वितरण किया और आतिशबाजी की। कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष विजय कुमार, मंडल उपाध्यक्ष सुमित सक्सेना, अशोक अग्रवाल, सुरेंद्र जैन, अनिल सान्याल, अंकित कश्यप, किशन कुमार, सिंधु गुप्ता, संजीव कपूर, रवि मेहता, गिरजा शंकर शर्मा, दीपक राजपूत, विजय सक्सेना, विशाल सक्सेना आदि मौजूद रहे।

